● जयपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 122 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @ 3 विफलताओ से सराबोर रहा भाजपा सरकार का एक वर्ष :डोटासरा...
पेज @ 4 नवीन स्कूल भवन का शिक्षा मंत्री मदन दिलावर 14 जनवरी को करेंगे लोकार्पण...
पेज @ 8 रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ का कल से होगा भव्य आगाज...

**न्यूज़ अपडेट**

### उतर गया मुखौटा', 'अहंकारी हैं', अंबेडकर को लेकर अमित शाह के बयान पर भड़की ममता बनर्जी



**कोलकाता।** बीते दिन मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान पर चर्चा का राज्यसभा में जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उस जमाने में उनका अपमान किया गया। इसको लेकर पूरा विपक्ष एकजुट होकर अमित शाह पर आरोप लगा रहा है कि उन्होंने अंबेडकर का अपमान किया। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा, 'मुखौटा उतर गया है! संसद में संविधान के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर विचार करते हुए, गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर को लोकतंत्र के मंदिर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करके कलंकित करने का विकल्प चुना।' उन्होंने आगे कहा, यह भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। अगर 240 सीटों पर सिमटने के बाद वे इस तरह का व्यवहार करते हैं तो कल्पना करें कि अगर उनका 400 सीटों का सपना साकार होता तो वे कितना नुकसान करते।'

### संकट में बीजेपी के 20 सांसद! नहीं माना पार्टी का आदेश, अब होगा एक्शन



**नयी दिल्ली।** सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने लगभग 20 सांसदों को नोटिस जारी कर सकती है, जो 17 दिसंबर लोकसभा में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक पर मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। ऐसा तब भी हो सकता है, जब सभी पार्टी सांसदों को सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया गया था। एक साथ चुनाव कराने संबंधी संविधान (129वां संशोधन) विधेयक संसद में पहली बार ई-वोटिंग के बाद लोकसभा में पेश किया गया। प्रस्ताव बहुमत से पारित हुआ। प्रस्ताव के पक्ष में 269 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 198 वोट पड़े। अब विधेयक को हर स्तर पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि अनुसूची 7 से परे मूल ढांचा है, जिसे बदला नहीं जा सकता और विचाराधीन विधेयक संविधान पर हमला है। उन्होंने विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की। तिवारी के विरोध के बाद कई अन्य विपक्षी दलों ने भी यही रुख अपनाया कि यह विधेयक संविधान की भावना के खिलाफ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव, टीएमसी के कल्याण बनर्जी और डीएमके के टीआर बालू, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी समेत कई प्रमुख नेताओं ने विधेयक का विरोध किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया दिल्ली दौरा

# दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस, उदयपुर हाउस और पुनर्निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का गहनता से करा अवलोकन


**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 19 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस, उदयपुर हाउस और पुनर्निर्माणधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पृथ्वीराज रोड़ स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में और अधिक गति लाते हुए इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि समय-सीमा के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भवन का अवलोकन करवाते हुए 136 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस राजस्थान हाउस के निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री को नवीन राजस्थान हाउस के इतिहास के बारे में बताया कि 7050 वर्ग मीटर में पुनः निर्मित हो रहा राजस्थान हाउस, राजस्थान सरकार का एक राजकीय गेस्ट हाउस है। इसके पुनर्निर्माण में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जाएगा। साथ ही, भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन क्लेडिंग का कार्य किया जाएगा। नवीन राजस्थान हाउस में दो बेसमेंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाइनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हाल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं मिलेंगी।



### मुख्यमंत्री ने उदयपुर हाउस का किया अवलोकन

» मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश की प्रतिष्ठित दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस से सटे हुए इलाके राजपुर रोड पर स्थित उदयपुर हाउस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों से उदयपुर हाउस में करवाए जाने वाले निर्माण कार्यों की जानकारी ली।



### मुख्यमंत्री ने बीकानेर हाउस का किया निरीक्षण

» मुख्यमंत्री ने गुरूवार को बीकानेर हाउस का दौरा करते हुए हाउस में स्थित राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बीकानेर हाउस को कल्चरल सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर राजस्थान सरकार के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## अंबेडकर मुद्दे पर सियासत तेज : संसद परिसर में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संग्राम

# धक्का-मुक्की में भाजपा सांसद घायल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर सियासत तेज हो गई है और गुरुवार को संसद के भीतर ही नहीं, संसद परिसर में भी सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की होने के साथ ही जमकर हंगामा हुआ। संसद भवन के मकर द्वार पर गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में दिये गये बयान के विरोध में गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे इंडी गठबंधन के सांसदों एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की में गिरकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो सांसद घायल हो गये, जिन्हें यहां उपचार के लिए राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ सदन में जाते हुए संसद के द्वार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने धक्का मुक्की की है।

आरोप है कि संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उलझ पड़े। राहुल गांधी ने संसद भवन में प्रवेश करने के चलते एक सांसद को धक्का दे दिया, वे आगे खड़े प्रताप चंद्र सारंगी के ऊपर गिरे, जिससे सारंगी चोटिल हो गई। व्हील चेयर पर बैठकर एबुंलेंस तक जाते हुए सारंगी ने कहा, 'मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, राहुल गांधी आए और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गया, जिससे मैं भी गिर पड़ा।' स्वयं राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि वे संसद भवन के भीतर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा 'मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। ये संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है।' बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने फरूखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे प्रताप चंद्र सारंगी पर गिरे थे। मुकेश राजपूत को अचेतावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

- पूर्व मंत्री व सांसद प्रताप चंद्र सारंगी का सिर फटा
- मुकेश राजपूत को आईसीयू में भर्ती कराया गया
- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप



### संसदीय इतिहास में यह एक काला दिन, लोकतंत्र की मर्यादा तार-तार : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'संसदीय इतिहास में यह एक काला दिन है। मर्यादा को तार-तार कर दिया गया है। लोकतंत्र को तार-तार कर दिया गया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की गुंडागर्दी जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा आचरण कभी नहीं देखा गया। अगर वे हरियाणा और महाराष्ट्र हार गए तो वे संसद में अपनी हताशा क्यों निकाल रहे हैं? राहुल गांधी और कांग्रेस के लोगों को लोकतंत्र में आचरण को समझने के लिए एक कार्यशाला बुलाई जानी चाहिए। मैं दुखी हूं। श्री अमित शाह के भाषण ने कांग्रेस को बेनकाब कर दिया है। वे इससे इतने हताश हो गए हैं कि अब गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। हम इस गुंडागर्दी की निंदा करते हैं।'

### भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में इंडिया समूह और राजग सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की मामले में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। श्री ठाकुर ने कहा, ह्लहमने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और उकसावे की शिकायत दर्ज कराई है।"

### हम पर हमला किया गया : खरगे-राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सदस्यों पर हमला किया और यह सरकार का जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। श्री खरगे तथा श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के सदस्य संसद में 14 दिन से विरोध प्रदर्शन कर प्रयास कर रहे हैं कि सदन चले और देश को लूटने वाले उद्योगपति अडानी के भ्रष्टाचार पर सदन में चर्चा हो लेकिन भाजपा ने इस मुद्दे से ध्यान भटकाने का बराबर प्रयास किया है और आज कांग्रेस नेताओं के साथ संसद परिसर में धक्का मुक्की की गई।

#### भाजपा पर लगाये आरोप

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों पर आरोप लगाए। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सांसद अराजकता पैदा करने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निशाना बनाने और उन पर हमला करने के इरादे से पहुंचे। जैसे ही वह अंदर घुसे भाजपा सांसदों ने उन्हें धक्का दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया।

### खरगे ने अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है। यह जानकारी कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने दी है। गुरुवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव 'राज्यसभा में डॉ आंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी' के लिए पेश किया गया।

### खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा है कि उन्हें संसद के द्वार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों ने गुरुवार को धक्का देकर घायल किया और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की इसलिए इस घटना की जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान किया है। यह अत्यंत गंभीर मुद्दा और निंदनीय घटना है और इसके लिए श्री शाह तथा भाजपा देश से माफी मांगे।

## कुलगाम मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर सहित पांच आतंकी मार गिराये, दो जवान जख्मी

**एजेंसी**

**कुलगाम।** कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर सहित हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्देर में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर भारी फायरिंग की। जिसके जवाब में सुरक्षाबल के जवानों ने फायरिंग की। इस फायरिंग में पांच आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों में हिज्बुल मुजाहिदीन का स्वयंभू कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ नाली भी शामिल है, जो दक्षिण कश्मीर के क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों और कई अपराधों में शामिल था।

इस ऑपरेशन में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है। यह सभी स्थानीय निवासी हैं। इलाके में सुरक्षाबल के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से सुरक्षा कारणों से मुठभेड़ स्थल के करीब न जाने का अनुरोध किया है।

## असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

# हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में आठ जिहादी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। ऑपरेशन 'प्रगति' के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है।

गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन 'प्रगति' तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पदार्फाश किया गया है। पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया है। इन जिहादियों की पहचान अब्दुल करीम, मु. अब्बास अली, एनामुल हक, हमिदुल इस्लाम, मिनरूल एसके, शुरू इस्लाम मंडल, मु. साद रंदी उर्फ शाब शेख, मजिबर रहमान के रूप में की गई है। इनके पास से दौरान बांग्लादेशी दस्तावेज, कट्टरपंथी साहित्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं।

#### बांग्लोदश का है मास्टरमाइंड

उन्होंने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, बीते नवंबर में भारत आया था। यह आरोपित असम और पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे। उन्होंने बताया कि इन जिहादियों ने इलाकें में कई बैठकें कर हिंदू संगठनों और प्रमुख धार्मिक नेताओं पर हमले की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था।

# साइबर क्राइम का ट्रेनिंग सेंटर है फर्जी काल सेंटर!

बढ़ रहे साइबर क्राइम में अवैध ढंग से चलाए जा रहे फर्जी काल सेंटर की बड़ी भूमिका है। देश भर में शातिर किस्म के धंधेबाजो द्वारा फर्जी काल सेंटर का संचालन कर न सिर्फ देश विदेश के लोगों के साथ ठगी की जा रही है वरन हर साल हजारों की संख्या में बेरोजगार युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें धोखा देकर या नौकरी का लालच देकर इस अवैध धंधे में लगा दिया जाता है।

दरअसल तकनीकी सहायता देने, नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी मैसेज और लिंक भेज कर लोगों को फर्जी कॉल सेंटरों के माध्यम से ठगने वाले गिरोह देश में तेजी से बढ़ रहे हैं, यह धंधा कितने बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है इस का प्रमाण पिछले छह महीने में अनेक राज्यों के शहरों में धरपकड़ के बाद सामने आए फर्जी काल सैंटरो के खुलासे से चलता है। 18 दिसंबर को दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर इलाके में फर्जी कॉल सेंटर खोल कर अमेरिकी नागरिकों को फोन कर उनसे मोटी रकम ठगने के मामले में लालबाजार के साइबर क्राइम विभाग की टीम ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गये आरोपियों के नाम अनुराग गुप्ता, मोहम्मद सद्दाम, हरि छेत्री, मोहम्मद मिराज और वसीम रब्बानी बताये गये हैं. इनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये गये हैं.कोलकाता पुलिस के अनुसार पहले पुलिस ने न्यू अलीपुर इलाके में एक अवैध कॉल सेंटर में रेड कर गिरोह के 19 सदस्यों को गिरफ्तार किया था. उनसे पूछताछ के बाद इस गिरोह का पता चला. पुलिस ने एक कमरे में छापामारी कर रंगेहाथों गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया.पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि वे लोग खुद को नामी एंटी वायरस कंपनी का प्रतिनिधि बताकर अमेरिकी नागरिकों को फोन करते थे. इसके बाद इनके झांसे में फंसने वाले विदेशी नागरिकों को अपनी बातों में फंसा कर एंटी वायरस सॉफ्टवेयर अपडेट करने के नाम पर उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को हैक कर लेते थे. इसके बाद इसे फिर से सामान्य करने के एवज में मोटी रकम वसूलते थे. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि 8 अगस्त को राजपुर (उत्तराखंड) पुलिस ने विदेशी नागरिकों को ठगने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर 8 लोगों को दबोचा, जो खुद को इंटरनैशनल एंटी हैकिंग डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारी बताकर अमरीका और कनाडा के नागरिकों से ठगी कर रहे थे। छापे के दौरान इनसे 81 लैपटॉप और 42 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। 25 अगस्त को साइबर पुलिस ने सोहना (हरियाणा) में 2 फ्लैटों से चलाए जा रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके तकनीकी सहायता देने के नाम पर मुख्यत: विदेशी नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के आरोप में 4 महिलाओं सहित 20 लोगों को गिरफ्तार करके वहां से 16 लैपटॉप, 25 मोबाइल फोन और हजारों रुपए की नकद राशि बरामद की। 8 सितम्बर को नोएडा पुलिस ने लोगों को कनाडा और सर्बिया समेत विभिन्न देशों में भेजने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश करके 6 महिलाओं सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो अब तक 300 से अधिक लोगों को ठग चुके हैं। पुलिस ने वहां से 24 लैपटॉप, स्वाइप मशीन, 10 मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद किया। गिरोह के सदस्य फेसबुक, इंस्टाग्राम से विदेश जाने के इच्छुकों का डाटा निकाल कर फोन कॉल व व्हाट्सएप पर उनसे संपर्क करते और विदेश में 'स्टोर कीपर', 'स्टोर सुपरवाइजर', 'एडमिन' आदि पदों पर नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगते थे। 4 अक्तूबर को जयपुर पुलिस ने 'स्मार्ट डिजीटल सेवा केंद्र' की आड़ में चलाए जा रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया।

ये जालसाज फोन करके लोगों को 'मित्र केंद्र' या 'आधार कार्ड फ्रैंचाइजी' देने का झांसा देते और उसके बदले में उनसे भारी-भरकम रकमें वसूल करते थे। 16 अक्तूबर को भुवनेश्वर (ओडिशा) के 'सुंदरपाड़ा' इलाके में पुलिस ने विदेश में रहने वाले एक पीड़ित की शिकायत पर एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके 6 लोगों को हिरासत में लिया। 19 अक्तूबर को लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र के एक फ्लैट में चल रहे फर्जी इंटरनैशनल कॉल सेंटर का कमिश्नरेट पुलिस ने भंडाफोड़ कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया। 25 नवंबर को गोवा पुलिस ने जरूरतमंदों से, जिनमें अधिकांश विदेशी थे, एक करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर चुके 'जुआरी नगर' में एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके 24 लोगों को गिरफ्तार किया। 4 दिसंबर को गुरुग्राम पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने एक मकान में फर्जी तरीके से कॉल सेंटर चलाकर अमरीकी नागरिकों को तकनीकी सहायता और कस्टमर सर्विस देने के नाम पर, धोखाधड़ी करने के आरोप में कॉल सेंटर के मालिक सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया। और अब 14 दिसंबर को नोएडा पुलिस ने विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता आदि के नाम पर फर्जी मैसेज लिंक एवं कॉल के माध्यम से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करके 9 महिलाओं सहित 76 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल फोन तथा अन्य इलैक्ट्रिक उपकरण बरामद किए। ये लोग बदल-बदल कर लैपटॉपऔर मोबाइल का इस्तेमाल करते थे ताकि पकड़े न जाएं। छापेमारी के दौरान पकड़े गए ये फर्जी कॉल सेंटर तो धोखाधड़ी रूपी सागर में एक बूंद के समान हैं जबकि देश में ऐसे फर्जी कॉल सेंटरों की भरमार है जो लोगों को लूट कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। नोएडा फर्जी काल सेंटर का सबसे बड़ा सैंटर बना है। 13 दिसंबर को यहां गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 63 थाना पुलिस, क्राइम रेस्पांस टीम (सीआरटी) व स्वाट टीम ने सेक्टर 63 के ए ब्लॉक में डेढ़ माह से चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का शुक्रवार को भंडाफोड़ किया। सेंटर से चार सरगना समेत नौ महिला और 67 पुरुषों को गिरफ्तार किया।आरोपित विदेशी नागरिकों को फर्जी पार्सल भेजने, टेक सपोर्ट व लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे।

नागरिकों से गिफ्ट कार्ड, चेक आदि की डिटेल लेकर ब्लॉगर के माध्यम से धनराशि ठग रहे थे। कॉल सेंटर कर्मियों को हवाला के माध्यम से धनराशि मिल रही थी। वहीं चार में से तीन संचालक फर्जी काल संचालन को लेकर पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। अत: जहां लोगों को ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहने की जरूरत है, वहीं ऐसी धोखाधड़ी करने वालों को शीघ्र और कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए ताकि उनका अंजाम देखकर दूसरों को नसीहत मिले और वे ऐसी करतूतों से बाज आएं व जरूरतमंद लोग ठगे जाने से बच सकें।सरकार को युवा बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर उन्हें फर्जी काल सेंटर में नौकरी देने वाले धंधेबाजो पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और रासुका लगानी चाहिए। कई युवा इन लोगों के जाल में फंस कर सुसाइड तक कर चुके हैं। सरकार को सभी राज्यों को एक एडवाइजरी जारी करनी चाहिए।

# निस्तेज विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलेगा?




ललित गर्ग

विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर





नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है।

राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछलादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही? डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दशः सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

# विपक्षी एकता की दरकती दीवार और बाबा साहेब का अपमान



विकास सक्सेना

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में चार दिनों तक लम्बी चर्चा चली। राज्यसभा में चर्चा का जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने अपने लगभग एक घण्टा 40 मिनट लम्बे भाषण में जिस तरह से तथ्यों और तर्कों को रखा उसने कांग्रेस नेतृत्व को मुंह छिपाना मुश्किल हो रहा था। अमित शाह के भाषण के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे लेकिन कोई भी नेता दमदारी से अमित शाह के तर्कों का विरोध नहीं कर सका।

राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। कांग्रेस के उठाए मुद्दे पर इन दलों की जुगलबंदी के बाद तमाम राजनैतिक विश्लेषक कयास लगाने लगे कि पिछले दिनों विपक्षी एकता में जो दरारें दिख रही थी, वह इस मुद्दे के बाद थम जाएगी। लेकिन बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता कायम होने की उम्मीद जताने से पहले दो बिन्दुओं पर विचार करना अपरिहार्य है। पहला यह कि आखिर ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस को पीछे क्यों ढकेलना चाहते हैं। दूसरा, बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस का किस हद तक बचाव कर सकेंगे जबकि ऐतिहासिक तथ्य इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते हैं। दरअसल, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जिस आक्रामक अंदाज में कांग्रेस को घेरा, उसने राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' अभियान की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने अपने भाषण में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर सिलसिलेवार तरीके से बताया कि किस तरह कांग्रेस की सरकारों ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक के कार्यकाल में निजी और राजनैतिक हित साधने के लिए संविधान में बदलाव किए। उन्होंने पहले संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि इसके जरिए देश के आम लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया गया। इसके बाद इंदिरा गांधी ने अदालत से उनके खिलाफ आए एक फैसले के बाद अपनी कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगा दिया और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार तक छीन लिए। राजीव गांधी ने तो वोटबैंक के लालच में शाहबानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को ही पलट दिया गया। इसके उलट मोदी सरकार ने पिछले दस साल के शासनकाल में संविधान में जो भी संशोधन किए हैं उनका उद्देश्य देश को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मोर्चे पर मजबूत बनाना रहा है। इसके लिए उन्होंने महिलाओं के आरक्षण देने, पूरे देश में एक समान कर प्रणाली (जीएसटी) लागू करने और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी करने जैसे कई संविधान संशोधनों का जिक्र किया। भाजपा और मोदी पर संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर पिछले लोकसभा चुनाव में आंशिक सफलता हासिल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की कलई भी अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान खोलकर रख दी। उन्होंने तथ्यों के आधार पर समझाया कि किस तरह कांग्रेस सरकारों की वजह से जम्मू और कश्मीर के दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में दलितों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने विस्तार से बताया कि किस तरह दो बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आम्बेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगाई। यहां तक कि उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में खुद जाकर प्रचार भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही, तब तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तार्किक आरोपों से बौखलाए कांग्रेसियों ने राज्यसभा में अमित शाह के भाषण से 12 सेकेण्ड की एक वीडियो क्लिप निकाली जिसमें वह कहते हुए दिख रहे हैं 'आजकल एक नया फैशन चला है, आम्बेडकर, आम्बेडकर, आम्बेडकर। इतना नाम यदि भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' कांग्रेस और उससे जुड़ा प्रचार तंत्र मौके का लाभ उठाने के लिए इस वीडियो क्लिप को बहु प्रसारित (वायरल) करने में जुट गया। भाजपा और मोदी के विरोध में वातावरण तैयार करने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए अमित शाह पर राजनैतिक हमले शुरू कर दिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर आ गए। इसी तरह अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी अमित शाह के बयान की तीखी आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो बाकायदा पत्रकार वार्ता करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमण्डल से बर्खास्त किया जाए। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के हमले झेल रहे अमित शाह भी शाम के समय पत्रकारों के बीच आए लेकिन वे किसी तरह से बचाव की मुद्रा में दिखाई नहीं दिए। कांग्रेस पर 'सत्य को झूठ के कपड़े पहनाकर' लोगों का भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए वहां मौजूद पत्रकारों से उन्होंने एक ही अपील की कि वे उनके पूरे भाषण को लोगों के सामने रखें, इसे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। सोशल मीडिया के इस युग में किसी भी सच्चाई को ज्यादा समय से छिपा कर रख पाना संभव नहीं है। खासतौर पर तब जबकि राज्यसभा में दिया गया भाषण तमाम स्थानों पर सहज रूप से उपलब्ध है। दरअसल, अमित शाह के भाषण की 12 सेकेण्ड की जो वीडियो क्लिप बहु प्रसारित की जा रही है उसके आगे के अंश में वे कह रहे हैं ...डॉ. आम्बेडकर का सौ बार और नाम लो लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि उनके बारे में आपकी भावनाएं क्या हैं, वो ज्यादा जरूरी हैं। मैं आपको बता दूं कि जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार से असहमति के बाद बीआर आम्बेडकर को पहले मंत्रिमण्डल से इस्तीफा देना पड़ा था। आम्बेडकर जी ने कई बार कहा था कि मैं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से हुए व्यवहार से असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। इसलिए वह पद छोड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें आश्वासन दिया गया और जब वह पूरा नहीं हुआ तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया।' ऐसे में जो राजनैतिक विश्लेषक ये अनुमान लगा रहे हैं कि बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता की दरकती दीवार बच जाएगी उन्हें समझना होगा कि अमित शाह के भाषण के इस अंश को सुनने के बाद आम्बेडकर समर्थक समझ जाएंगे कि अमित शाह असल में क्या कह रहे हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस का तनिक भी बचाव कर पाना संभव नहीं है। इसके अलावा लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार और अखिलेश यादव के राहुल गांधी एवं कांग्रेस को निशाने पर लेने की असल वजह मुस्लिम वोटबैंक है जो इन क्षेत्रीय दलों की राजनीति का आधार है। हाल ही में हुए हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव नतीजों से साफ हो चुका है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जो भी बढ़त दिखाई दी थी उसका कारण मुस्लिम वोटों का उसके पाले में जाना था। ऐसे में ये क्षेत्रीय नेता कभी नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस उनके इस वोटबैंक में सेंध लगाकर मजबूत हो। इसीलिए इन नेताओं ने राहुल गांधी पर सवाल उठाने शुरू किए हैं। ऐसे में बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर वे कांग्रेस के साथ ज्यादा दूर तक चलेंगे इसकी संभावना नहीं है।

# भारत में युवा बेरोजगारी के समाधान के रूप में उद्यमिता



मनतार सिंह

भारत अपनी युवा आबादी के साथ एक चौराहे पर खड़ा है। देश की आबादी में 65% से अधिक युवा हैं और उसमे बेरोज़गारी की चुनौती बहुत ही बड़ी है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2022-23 के अनुसार, भारत की युवा बेरोजगारी दर 12-13% के आसपास है, शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक देखी जा रही है। ऐसे परिदृश्य में, उद्यमिता एक बड़ी ही आशा की किरण बनकर उभरती है। यह न केवल बेरोजगारी के लिए बल्कि भारत में नवीकरण और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भी एक स्थायी समाधान बन सकता है।

भारत में युवा बेरोजगारी एक बहुआयामी मुद्दा है, जो कई कारणों से उत्पन्न होता है। व्हीबॉक्स एक संस्था द्वारा वर्ष 2022 में किये गए अध्ययन के अनुसार स्नातकों के एक बड़े हिस्से में रोजगार योग्य कौशल का अभाव है। त×करीबन 48% से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार पाए गए हैं । भारत हर महीने 10 लाख से अधिक नौकरी चाहने वालों को पैदा करता है और नौकरी की कमी इस मांग के साथ तालमेल बनाए रखने में विफल होता है। वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा तेज होने के कारण और कई पारंपरिक क्षेत्रों में स्वचालन की नीति के कारण बहुत कर्मचारी नौकरियां खो रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में युवाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने से आत्मनिर्भरता पैदा हो सकती है और दूसरों के लिए रोजगार पैदा हो सकता है। उद्यमिता विधि केवल संस्थापक को रोजगार नहीं देती है परन्तु यह दूसरों के लिए रोजगार पैदा करता है। उद्यमशीलता उद्यमों द्वारा संचालित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारत की जीडीपी में 30% योगदान करते हैं और 1 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। प्रत्येक नए स्टार्टअप का, यहां तक कि छोटे स्तर पर भी रोजगार सृजन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

आजकल के उद्यमी नए विचारों, उत्पादों और सेवाओं को पेश करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर नवाचार को बढ़ावा देते हैं। फिनटेक, एग्रीटेक और एडटेक जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप ने पारंपरिक उद्योगों में क्रांति ला दी है, जिससे पता चलता है कि कैसे नवाचार गंभीर सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकता है। डिजिटल इंडिया जैसी पहल और बढ़ती इंटरनेट पहुंच के साथ, भारतीय युवा उद्यमशीलता उद्यमों के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए विशिष्ट रूप से तैयार हैं। भारत में 74 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता, इच्छुक उद्यमियों के लिए एक विशाल डिजिटल बाज़ार प्रदान करते हैं।आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास उद्यमिता युवाओं को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी निर्माता बनाकर सशक्त बनाती है। यह परिवर्तन आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और समाज में सार्थक योगदान करने की क्षमता को बढ़ावा देता है।

## युवा उद्यमियों के लिए सरकारी सहायता

भारत सरकार उद्यमिता को आर्थिक विकास की आधारशिला के रूप में पहचानती है और उभरते उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई पहल शुरू की गयी हैं। इसके अंतर्गत स्टार्ट-अप इंडिया एक पहल है जो वर्ष 2016 में लॉन्च की गयी थी। इस योजना पर सरकार कर में छूट देती है। इस प्रारूप में फंडिंग में सहायता और सरलीकृत अनुपालन प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023 तक 92 हज़ार से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी गई, जिसमें करीब 9 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत छोटे व्यवसायों को 10 लाख रुपये तक का संपार्श्विक-मुक्त ऋण प्रदान करता है। 38 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं और जिनमें प्राथमिक लाभार्थी युवा और महिलाएं हैं। कौशल भारत मिशन के अंतर्गत उद्यमशीलता उद्यमों के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करना है। वर्ष 2023 तक, कौशल भारत मिशन ने 4 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया था। अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) के तहत सरकार द्वारा फंडिंग, इनक्यूबेशन सेंटर और सलाह के साथ स्टार्टअप का समर्थन करता है। एआईएम ने स्कूली छात्रों के बीच नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 7,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना की है।

भारत ने उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरणादायक सफलता की कहानियाँ देखी हैं जो साबित करती हैं कि उद्यमशीलता बेरोजगारी से कैसे निपट सकती है। रितेश अग्रवाल , जिन्होंने ओयो (OYO) रूम्स को महज 19 साल की उम्र में एक युवा उद्यमी के रूप में शुरुआत करते हुए एक वैश्विक ब्रांड बना दिया। उनका उद्यम हजारों लोगों को रोजगार देता है और बड़े पैमाने पर प्रभाव पैदा करने के लिए उद्यमशीलता की क्षमता को प्रदर्शित करता है। निखिल कामथ, जिन्होंने बेसिक स्कूल छोड़ने के बाद ज़ेरोधा (ZERODHA) की सह-स्थापना की। जिसने भारत में स्टॉक ट्रेडिंग में क्रांति ला दी और आज, यह सबसे सफल बूटस्ट्रैप्ड स्टार्टअप्स में से एक है। फाल्गुनी नायर जिन्होंने नायका (NAYKAA) जैसे ब्रांड के लिये उद्यमिता के क्षेत्र में देर से प्रवेश करने के बावजूद सफलता की कहानी महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए एक प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी लगन यह दर्शाती है कि कैसे नवाचार और दृढ़ता से अरबों डॉलर का व्यवसाय बनाया जा सकता है। अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू करने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं के लिए यहां एक रोडमैप प्रस्तुत है जिसे देख कर प्रेरणा ले सकते हैं।

सबसे पहले व्यवसाय की पहचान करें फिर उसमे आने वाली समस्याओं की जाँच करें। उनके समाधान के लिए अपने समुदाय या रुचि के क्षेत्र में सेवाओं या उत्पादों में कमियों को देखें। उद्यमशीलता में कौशल निर्माण भी एक आवश्यक तत्व है। कौशल हासिल करने के लिए कौरसेरा, उडेमी जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या स्किल इंडिया मिशन जैसे सरकारी कार्यक्रमों का लाभ उठाएं। सबसे पहले छोटी शुरुआत करें। कम लागत वाले, स्केलेबल विचार से शुरुआत करें। रल्डढक्क्ष या सोशल मीडिया जैसे प्लेटफ़ॉर्म आपको न्यूनतम निवेश के साथ उत्पादों या सेवाओं का विपणन करने में मदद कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। फंडिंग के लिए पीएमएमवाई और मान्यता के लिए स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं के लिए आवेदन करें। मार्गदर्शन के लिए NASSCOM के 10,000 स्टार्टअप या अटल इनक्यूबेशन सेंटर जैसे इनक्यूबेटर या एक्सेलेरेटर से परामर्श ले और उनसे जुड़ें। डिजिटल टूल का उपयोग करें और किफायती इंटरनेट के साथ, डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म नए व्यवसायों तक व्यापक पहुंच प्रदान कर सकते हैं। इन सब में चुनौतियाँ और उन पर काबू पाना ही उद्यमिता में अपार संभावनाएँ प्रदान करता है। संपार्श्विक की कमी अक्सर युवाओं के लिए वित्तीय सहायता के विकल्पों को सीमित कर देती है। इसके लिए सरकारी योजनाएं और क्राउडफंडिंग की मदद ले सकतें हैं। अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू करने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं को असफलता का डर भी सताता है। कई लोग सामाजिक दबाव या असफलता के डर के कारण शुरुआत करने से झिझकते हैं। उन्हें अपने दृष्टिकोण को लचीला बनाना पड़ेगा और असफलता को एक सीख के रूप में स्वीकार करना महत्वपूर्ण होगा। अभी भी कई युवा भारत सरकार द्वारा समर्थित उपलब्ध संसाधनों से अनजान हैं। उनकी पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास इस अंतर को पाट सकते हैं।

उद्यमिता एक करियर विकल्प से कहीं अधिक है। यह सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन का मार्ग है। उद्यमिता के क्षेत्र में भारत के बेरोजगार युवाओं के लिए यह उनके भविष्य पर नियंत्रण रखने तथा नवप्रवर्तन करने और अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। सही मानसिकता, सरकारी समर्थन और संसाधनों तक पहुंच के साथ, युवा उद्यमिता बेरोजगारी संकट को विकास और नवाचार के अवसर में बदल सकती है। इसे पढ़ने वाले हर बेरोजगार युवा को उद्यमिता के क्षेत्र में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। भारत का भविष्य आपके हाथों के निर्माण की प्रतीक्षा कर रहा है।

# विफलताओ से सराबोर रहा भाजपा सरकार का एक वर्ष :डोटासरा

चमकता राजस्थान






**जयपुर, 19 दिसम्बर।** एक वर्ष पूर्व राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा के नेताओं ने प्रदेश की जनता से बड़े-बड़े वादे किये थे और हर वर्ग को पीड़ित बताया था, कानून-व्यवस्था पर प्रश्न उठाये थे, पेपर लीक और नही सहेगा राजस्थान जैसे नारे देकर सत्ता हासिल की थी, लेकिन आज हिसाब का समय आ गया है, भाजपा के 12 माह के शासन की स्थितियों की समीक्षा करें तो सर्वप्रथम भाजपा ने शासन में आते ही पर्ची से मुख्यमंत्री बनाया, किन्तु उनकी प्रशासन पर पकड़ नहीं है और अनुभवहीनता के कारण प्रदेश को गहरी चोट शासन और प्रशासन पर लगी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री बनते ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 800 जनकल्याणकारी निर्णयों की समीक्षा करने की बात कही गई थी, लेकिन एक भी कार्य की समीक्षा का परिणाम अभी तक सामने नहीं आया है, यह सरकार की पहली विफलता है।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय, में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सरकार की दूसरी महत्वपूर्ण विफलता यह है कि भाजपा की सरकार का गठन होते ही वित्त विभाग से आदेश जारी हुआ जिसमें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन में दी गई वित्तीय स्वीकृति से कराये जा रहे काम रोक दिये जायें, जितने भी कार्य चालू हैं उन्हें रोका जाये और मूल्यांकन करने के पश्चात अनुमति से ही वे कार्य जारी रहे। उन्होंने कहा कि इस परिपत्र का तात्पर्य और परिणाम यह रहा कि जो भी प्रदेश के विकास कार्य होने चाहिये थे, वे सभी भाजपा सरकार के इस आदेश से रोक दिये गये। उन्होंने कहा कि आज भी विकास कार्य होल्ड पर है, एक भी कार्य उनमें से शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि महिने-दो महिने किसी विकास कार्य को होल्ड पर रखकर समीक्षा की जा सकती थी, किन्तु 12 महिने तक विकास कार्यों को होल्ड पर रखना, वह तब जब सरकार दूसरा बजट पेश करेगी, ऐसे में पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा जारी वित्तीय स्वीकृतियों जिनमें कार्य आदेश भी जारी हो गये, उन्हें रोकना निन्दनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाये थे, जबकि कानून-व्यवस्था को लेकर आज भाजपा के शासन में स्थिति यह है कि कानून-व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई है, नाबालिक बच्चियों के साथ बलात्कार शर्मसार कर रहे हैं, अनुसूचित जाति, जनजाति के व्यक्तियों पर अत्याचार हो रहे हैं, सभी तरह के माफिया हावी हैं, भू-माफिया, खनन माफिया काबू में नहीं है। उन्होंने कहा कि खनन माफिया, बजरी माफिया के कार्यों में भाजपा के नेता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हैं और प्रश्रय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में यह मुद्दा उठाया जायेगा कि अवैध बजरी खनन की खपत के लिये भाजपा विधायकों द्वारा सड×कें स्वीकृत कराई जा रही है जिससे विधायकों अथवा विधायकों के चहेतों को लाभ पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं को लेकर भाजपा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाये थे, किन्तु भाजपा शासन में युवाओं को ना तो नौकरी मिल रही है और ना ही बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न किया कि एक लाख नौकरियां साल में देने का वादा किया था, इस पर मुख्यमंत्री जवाब दें कि एक वर्ष के शासन में भाजपा सरकार ने भर्तियों की कितनी विज्ञप्तियां जारी की है और कितने पेपर कराये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा बार-बार पेपर लीक रोकने की बात कहती है, लेकिन सच्चाई यह है कि इस सरकार ने कोई पेपर ही नहीं करवाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पेपर लीक के दोषियों को पकडने पर वाहवाही लूटना चाहती है जबकि सच्चाई यह है कि पेपर लीक प्रकरण में सबसे पहले देश में कड़ा कानून राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बनाया था और पेपर लीक में शामिल सर्वाधिक अपराधियों को गिरफ्तार भी किया था, भाजपा शासन में तो केवल वे ही पकड़े गये हैं जिन्हें कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने अपराधी के रूप में चिन्हित कर लिया था और जो उक्त समय फरार चल रहे थे। उन्होंने कहा कि एसआई भर्ती प्रकरण में भाजपा ने कुछ लोगों को चिन्हित कर पकड़ा, किन्तु परिणाम यह निकला कि सरकार के मंत्री इस कार्यवाही को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, आरोप लगा रहे थे, लेकिन 40 पकड़े गये, उनमें से 24 जमानत पर बाहर आकर बहाल हो गये। उन्होंने कहा कि भाजपा के समस्त दावे झूठे निकले। उन्होंने कहा कि आज छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है, बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही है, अन्नपूर्णा रसोई योजना का नाम बदल दिया, किन्तु लोगों को भोजन नहीं मिल रहा है।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा ने शासन में आने के बाद बिजली के बिलों में फ्यूल चार्ज बढ़ाकर जनता पर बोझ डाला, नये कृषि एवं घरेलू कनेक्शनों में उपभोक्ताओं को कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई छूट बंद कर दी। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना बनाने का वादा खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था, उसका केवल नामकरण बदल दिया, जो वित्तीय स्वीकृति कांग्रेस सरकार ने जारी कर काम करवाया था, उसे ही अपने बजट में शामिल दिखाकर प्रधानमंत्री से दुबारा शिलान्यास करवा लिया, जबकि 80 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य बांधों का कांग्रेस सरकार ने करवा दिया था। उन्होंने भाजपा से प्रश्न किया कि जिस ईआरसीपी का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है उस योजना के लिये कितना रूपया केन्द्रीय बजट से मिला है क्या उस योजना के लिये प्रधानमंत्री ने कोई राशि की घोषणा की है क्या। उन्होंने कहा कि यमुना जल बंटवारे को लेकर मुख्यमंत्री ने अपने पोस्टर लगवाये और धन्यवाद लिया, स्वागत करवाये थे, क्या युमना का पानी प्रदेश में आ गया, जबकि चार माह में डीपीआर भरवाकर कार्य शुरू करने की घोषणा मुख्यमंत्री ने विधानसभा में की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न किया कि एक वर्ष पूर्ण हो गया किन्तु वह डीपीआर कहाँ है, जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ बैठक भी कर ली गई थी। उन्होंने कहा कि हद तो जब हो गई जब प्रधानमंत्री ने हनुमानगढ़, चूरू में नर्मदा का पानी आने की बात कही, जबकि नर्मदा का पानी वहाँ आ ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि 8500 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति सन 2022 में वित्तीय प्रबंधन के साथ पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जारी की थी, उसे दुबारा बजट में डालकर शेखावाटी में जल देने की वाहवाही भाजपा सरकार लेना चाहती है, जबकि सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा कि झूठ लम्बे समय तक नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कहा था कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के दाम हरियाणा के बराबर हो जायेंगे, किन्तु आज भी पेट्रोल-डीजल हरियाणा से 10 रूपये से अधिक प्रति लीटर मंहगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर भाजपा के नेता आरोप लगाते थे, किन्तु आज भाजपा की अन्तर्कलह जगजाहिर है, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री, मंत्री और विधायक, विधायक और जनता के मध्य कैसे संबंध है, सबके सामने है। उन्होंने कहा कि राईजिंग राजस्थान के नाम पर केवल सेरसपाटे किये गये, जनता की गाढी कमाई का पैसा व्यर्थ व्यय किया। उन्होंने कहा कि एक भी एमओयू राजस्थान के हित में लेकर कोई उद्योगपति नहीं आया, बल्कि पहली शर्त राजस्थान से मुफ्त जमीन मांगने की रखी गई है कि जमीन मिली तो सोलर प्लांट लगा देंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के काम नहीं है। उद्योगपति तो फ्री में जमीन लेने के लिये आये थे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भाजपा के कुछ नेताओं ने भी राजस्थान में मुफ्त अथवा सस्ती जमीन लेने की मंशा से रजिस्ट्रेशन करवाया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जनता की सम्पदा को लुटने नहीं दिया जायेगा, विपक्ष सजग है और अपना दायित्व निभायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों के साथ भी बड़ा धोखा किया है, डीएपी खाद् मिली नहीं, गेहूँ की खरीद 2700 रूपये एमएसपी देने का वादा नहीं निभाया, ऋण पर कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की ऋण नहीं चुकाने की आदत बन गई इसलिये उन्हें ऋण नहीं मिलना चाहिये। किसानों को केन्द्र सरकार ने दिल्ली बॉर्डर पर बैठकर आन्दोलन करने के लिये मजबूर किया, प्रधानमंत्री द्वारा माफी मांगकर उनसे समझौता करने के बावजूद वादा नहीं निभाया और आज किसान को उक्त लिखित समझौते के बारे में पूछने के लिये भी दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में तो जो आदेश होता है उस पर यूटर्न लिया जाता है, पहले अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को बंद करने के निर्णय लिया गया, किन्तु जनप्रतिनिधियों और जनता के दबाव में यह आदेश वापस हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में वर्तमान चिकित्सा मंत्री ने अपने क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलवाने के लिये पत्र लिखकर मांग की थी, यह पत्र आज भी मौजूद है। उन्होंने कहा कि आज वही शिक्षा मंत्री इन स्कूलों को बंद करने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती, स्टॉफिंग पैटर्न और कोई नवाचार, ट्रांसफर पोलिसी जैसा कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नये गठित जिलों पर खूब बयानबाजी हुई, समीक्षा की बात भाजपा सरकार कर रही है, किन्तु इस कारण सारे प्रशासनिक फैसले सरकार के निर्णय के अभाव में रूके हुये हैं। उन्होंने कहा कि हद हो गई जब जातिगत दुर्भावना फैलाने का कार्य भी इस सरकार द्वारा किया जा रहा है, मुख्यमंत्री के ओएसडी जो सरकारी पद पर हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर सोशल मीडिया पर जाति विशेष का आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 36 कौमों के लोग एकजुटता के साथ रहते हैं और विकास में सबका योगदान रहता है, इसलिये सरकारी पद पर बैठे व्यक्ति को जाति विशेष का नाम लेकर अन्य वर्गों से अलग करने का काम नहीं करना चाहिये। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश आज बेहाल है, बेबस है और मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता को सम्भालना चाहिये। गोविन्द सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री राजस्थान को चुनौती देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री महोदय मीडिया के समक्ष जब चाहे अपनी उपलब्धियां लेकर उनके साथ बहस कर लें, कांग्रेस भाजपा सरकार की विफलताओं पर चुनौती प्रस्तुत करेगी, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा, जनता फैसला कर देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में जनप्रतिनिधियों का अपमान हो रहा है, नगर निकायों, पंचायतों के चुनाव कराने की बजाए भाजपा सरकार प्रशासक द्वारा शासन चलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भरतपुर जो मुख्यमंत्री का गृह जिला है, वहाँ भी जिला प्रमुख का चुनाव नहीं करवाया जा रहा है, जबकि दावे बड़े-बड़े किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि भरतपुर में जिला प्रमुख का चुनाव हो जाये तो भाजपा की हार तय है, कांग्रेस की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अधिकांश समय कांग्रेस को कोसने में निकाल दिया, अब वक्त आ गया है कि भाजपा कांग्रेस को कोसने की बजाए अपने काम गिनाये।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सौ दिन की जो कार्य योजना सरकार ने बनाई थी, जिसका किसी को पता नहीं है, उस योजना पर कोई कार्य हुआ क्या। उन्होंने कहा कि सरकार ने कांग्रेस के निर्णयों की समीक्षा की बात की, कॉलेजों, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, नये जिलों की समीक्षा की समिति बनी थी, लेकिन एक वर्ष बीतने पर भी किसी समिति की रिपोर्ट अब तक सामने नहीं आई है। उन्होंने भाजपा सरकार से प्रश्न किया कि समीक्षा हेतु गठित किसी भी समिति की रिपोर्ट यदि आई हो और लागू हुई हो तो उसकी जानकारी सार्वजनिक की जाये। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी कार्य क्षमता दिखाने में विफल रही, जब गर्मी पड़ी तो सरकार के पास जनता को देने के लिये बिजली नहीं थी, पेयजल उपलब्ध कराने के लिये नहीं था और बरसात के समय पानी के निकासी के लिये कोई व्यवस्था भी नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आपदा राहत का दौरा करते रहे, किन्तु आपदा राहत मंत्री उनके साथ नहीं थे। उन्होंने कहा कि फसल बुवाई के समय किसान को खाद् उपलब्ध नहीं करवा पाये। उन्होंने कहा कि अभी किसान सम्मेलन हुआ लेकिन उसमें कृषि मंत्री नहीं पहुँचे। उन्होंने कहा कि 12 हजार रूपये किसान सम्मान निधि देने की बात हुई थी, किन्तु केवल एक हजार रूपये बढ़ाकर किसान सम्मान निधि राजस्थान सरकार ने दी और दूसरी किश्त अभी हाल ही में जारी की। उन्होंने कहा कि गेहूँ को 2700 रूपये के समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं पाये, ना ही बाजरे की एमएसपी पर कोई खरीद की। हरियाणा में पेट्रोल-डीजल के मूल्य के बराबर राजस्थान में पेट्रोल-डीजल का मूल्य नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि किस बात का भाजपा जश्न मना रही है, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा क प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बड़ी-बड़ी बातें राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर कर रहे हैं जबकि ना बुजुर्गों को, महिलाओं को, दिव्यांगों, परितत्क्याओं को, ना विधवा बहिनों को पेंशन दे रहे हैं, जबकि कांग्रेस सरकार के शासन में शुरू की गई पेंशन योजनाओं, मनरेगा में मिली मजदूरी और कांग्रेस शासन में जारी योजना के तहत मिले राशन से गरीब का चूल्हा जलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सभी क्षेत्रों में पूर्णतया विफल रही है और एक प्रचलित शेर इस सरकार पर सटीक बैठता है कि कुर्सी है, तुम्हारा जनाजा तो नहीं है, कुछ कर नहीं सकते, तो उतर क्यों नहीं जाते, यह बात पूर्व में विधानसभा में भी कही थी। उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है जिसमें पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जिस कार्य की वित्तीय स्वीकृति जारी हो जाये, कार्यदेश जारी हो जायें, टेंडर हो जाये और काम शुरू हो जाये, उसके बावजूद भी विकास कार्यों को रोक देती है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आज अलग-अलग विभागों में जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं उन सबका पैसा रोका हुआ है, विकास कार्य ठप्प कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पर ऋण लेने पर भाजपा ने सवाल उठाये थे, किन्तु भाजपा की इस सरकार ने ऋण लेने में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर प्रश्न उठाये थे, किन्तु वास्तविकता यह है कि मुख्यमंत्री का गृह जिला भरतपुर क्राईम में अव्वल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद गृहमंत्री भी हैं और गृह राज्यमंत्री भी इसी जिले से आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 प्रतिशत क्राईम बढ़ गया और महिलाओं, बच्चियों के साथ हो रहे अपराध 23 प्रतिशत बढ़ गये हैं। उन्होंने कहा कि अपराधों में अनुसंधान की दर भी घट रही है जो चिंता का विषय है और लचर कानून-व्यवस्था को दर्शाने वाली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले में अन्य वाहन के घुसने से दुर्घटना हुई, उप राष्ट्रपति के काफिले में वाहन घुस गया, विधानसभा अध्यक्ष के काफिले में युवकों ने घुसकर रील बनाई, यह दर्शाता है कि सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि कैबीनेट मंत्रियों को अधिकारियों के पास काम के लिये जाना पड़ता है, सरकार के कैबीनेट मंत्रियों पर मुकद्मे दर्ज हो रहे हैं और जनता की आवाज उठाने पर विपक्ष के नेताओं पर भी मुकद्मे दर्ज किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार के शासन में सरकार विरूद्ध आवाज उठाने की किसी को इजाजत नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के विरूद्ध आन्दोलन और आवाज उठाने के लिये कोई स्थान चिन्हित नहीं है जो दर्शाता है कि सरकार का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिये नौकरियां निकाली, उनमें भी अधिकांश संविदा पर होंगी। उन्होंने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया गया, कहते हैं कि इतना नाम भगवान का लेते तो सात पीढियों को स्वर्ग मिल जाता। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री का यह वक्तव्य गलत है, क्योंकि वे भी बाबा साहेब द्वारा बनाये गये संविधान के तहत ही शपथ लेकर पद है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग कर लोगों डराया, धमकाया जा रहा है, जिन बच्चों ने राहुल गाँधी को अपनी गुल्लक सौंपी, उनके माता-पिता को डराया, धमकाया गया और उन्होंने आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार राजस्थान में बारां में कांग्रेस कार्यकर्ता को प्रताड़ित किया गया जिससे उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि जिस भाजपा विधायक अनीता भदेल ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये उसकी जॉच भी भाजपा सरकार ने नहीं कराई। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता और मंत्री अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं जबकि उनका कर्त्तव्य है कि जनता के कार्य करें, विकास के कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्णतया नकारा रहा है।

इस अवसर पर विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि राईजिंग राजस्थान के माध्यम से हुये एमओयू से राजस्थान सरकार के कोष में किसी प्रकार का कोई इजाफा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राईजिंग राजस्थान से प्रदेश में मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर में बढ़ोत्तरी नहीं होगी, ना प्रदेश के युवाओं के लिये नौकरियां सृजित होगी। उन्होंने कहा कि जानकारी के मुताबिक यूएई के सोवरेन फण्ड का पैसा आना है जिसके लिये ही यह समिट आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि राईजिंग राजस्थान में हुये एमओयू के द्वारा प्रदेश की केवल जमीन जायेगी, कोई लाभ नहीं मिलेगा, और तो और बिजली भी नहीं मिलेगी, राजस्थान में उत्पन्न बिजली को भी प्रदेश सरकार को खरीदना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा राईजिंग राजस्थान का आयोजन करने का उद्देश्य से समझ से परे है क्योंकि इससे कोई लाभ प्राप्त नहीं होने वाला है।

इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश सरकार की विफलताओ को दर्शाने वाली एक शॉर्ट वीडियो फिल्म भी जारी की गई तथा पत्रक जारी किया।

# पेंशनर्स समाज ने मनाया पेशन दिवस

## वरिष्ठ पेंशनर्स को किया सम्मानित

- **पेंशनर्स की समस्याओं व मांगों पर की गई चर्चा**

चमकता राजस्थान



**फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** कस्बे के श्री रामद्वारा सभा गार में राजस्थान पेंशनर समाज फुलेश द्वारा पेंशन दिवस काआयोजन एक समारोह के रूप में किया।

जिसमें वरिष्ट पेंशनर्स का सम्मान किया गया। तथा पेंशनर्स की वाजिब मांगो पर चर्चा की गई।समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाअध्यक्ष राजकुमार गुप्ता तथाअध्यक्षता शाक्ति सिह ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने पेशन दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि पेंशन दिवस पेंशनर्स के स्वाभिमान का प्रतिक है। रक्षा मंत्रालय में वित्तिय सलाहकार डी.एस.नकारा सितम्बर 1972 में सेवा निवृत हुए, इन्हें भी अन्य पेंशनर्स की तरह पेंशन लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा इन्होंने तब न्यायालय की शरणली और एक याचिका उच्चतम न्यायालय न्यायालय में दायर की और एक लाबी लड़ाई लड़ी । 17 दिसम्बर 1982 मे न्यायमूर्ति यशवंत चन्द्रचूड ने उनके पक्ष में के एक एतिहासिक फैसला दिया।उन्होंने अपने फैसले में कहा कि पेंशन न तो उपहार है और न ही कोई इनाम है। पेंशन एक सेवानिवृत्त कर्मचारी का अधिकार है। जिसने देश व सरकार की लम्बे समय तक सेवा की थी और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि उसके कर्मचारी रिटायमेन्ट के बाद एक शान्तिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन जीयोंश्तभी से भारतवर्ष में सभी पेंशनर चाहे केन्द्र सरकार के है।या राज्य सरकार के या बोर्ड निगम के सभी जोर-शोर से पेशन दिवस मनाते है,इसअवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने व उसे उससे अधिक की आयु पूर्ण करने वाले सभी पेंशनर्स साथियों का माला, साफा, एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। तथा पेंशनर्स की माँगो पर प्रकाश डाला-

पेंशनर को 65 वर्ष की आयुपूर्ण होने पर 5 प्रति शत 70 वर्ष की आयु पर 10% तथा 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेशन का लाम किया जावे।

पेंशनर समाज के लिए भवन के लिए सरकार निः शुल्क भूखण्ड उपलक्ष करवाये।(ii) कम्यूटेशन की कटौती 14 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष व 8 माह तक हो। (iv) RGH.S में आ रही समस्या का समाधान हो।मुख्य अतिथि द्वारा पेंशनर के हित में सरकार को काम करना चाहिए इनकी वाजिब मांगो को मान कर समाधान करना चाहिए।

# सुशासन सप्ताह : दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान फरियादी को जिला कलक्टर की जनसुनवाई में मिला न्याय

## जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को संवेदनशीलता के साथ शीघ्र फरियादी का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर अवगत करवाने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान




**सुशासन सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक संख्या में आमजन की परिवेदनाओं का निराकरण करने का लक्ष्यः जिला कलक्टर**

फलौदी,19 दिसंबर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के तहत गुरुवार को जिला कलक्टर एच.एल अटल ने पंचायत समिति फलौदी सभागार में प्रशासन गाँव की ओर अभियान व जिला स्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाएं सुनी।

जिला कलक्टर ने सभी परिवेदनाओं को ध्यान से सुनते हुए अधिकारियों को सुशासन सप्ताह के तहत अधिक से अधिक संख्या में जन-शिकायतों एवं सेवा प्रदाय आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जन-शिकायतों का निवारण करते हुए योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह मनाने का उद्देश्य आमजन की परिवेदनाओं का निराकरण करते हुए राहत प्रदान किया जाना है।

सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 29 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आए फरियादी ने बताया कि वह काफ़ी समय से प्रमाण पत्र के लिए परेशान हो रहा हैं। जिस पर जिला कलक्टर ने प्रकरण को ध्यान से सुनते हुए सीएमएचओ को संवेदनशीलता के साथ अति शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर अवगत करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने,कटान रास्ता खुलवाने,बिजली, पानी,सड़क, पाक विस्थापित नागरिकता प्राप्त लोगों के लिए पेयजल व्यवस्था सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने अतिक्रमण के प्रकरणों पर उपखंड अधिकारियों व तहसीलदारों को रूपरेखा तैयार करते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला कलक्टर को पाक विस्थापित नागरिकता प्राप्त लोगों के लिए व्यवस्थित रूप से कॉलोनी प्लान तैयार करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- **संवेदनशीलता से करें समस्याओं का निस्तारण**

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान लंबित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही, सभी विभागीय अधिकारियों से जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की स्थिति पर नियमित रिपोर्ट देने के लिए कहा।

जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजपाल सिंह चारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार गर्ग सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# नवीन स्कूल भवन का शिक्षा मंत्री मदन दिलावर 14 जनवरी को करेंगे लोकार्पण

चमकता राजस्थान

श्रीनगर। भामाशाह गोपाल राठी की ओर से दो करोड 63 लाख की राशि खर्च कर बनाए गए नवनिर्मित चंदनमल रामनारायणी राठी राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय खेड़ा श्रीनगर के नवीन स्कूल भवन का शिक्षा मंत्री मदन दिलावर 14 जनवरी को लोकार्पण करेंगे। चंदनमल श्रीगोपालराठी चैरिटेबल ट्रस्ट के श्रीगोपाल राठी ने बुधवार को शिक्षा मंत्री दिलावर के जयपुर स्थित आवास पर मिलकर लोकार्पण करने के लिए पत्र सौपा था । शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राठी को 14 जनवरी को श्रीनगर पहुंचकर विद्यालय का लोकार्पण करने के लिए स्वीकृति दी है। भामाशाह राठी ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आगामी शैक्षिक सत्र से विद्यालय को 12वीं तक क्रमन्नत करने का ठोस आश्वासन दिया है। फरवरी माह में चलने वाले बजट सत्र में इस आशय का प्रस्ताव रखा जाएगा। जानकारी के अनुसार ट्रस्ट के द्वारा संस्कृति स्कूल को गोद लेकर पुराने विद्यालय भवन मे अवस्थित जीर्ण शीर्ण कक्षा कक्षो को ध्वस्त



करवार कर नवींन 22 कक्षा कक्षों का नवनिर्माण करवाया गया है। इस दौरान गोपाल राठी ने संस्कृत स्कूल को प्रवेशिका स्तर से वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत करने की मांग भी रखी। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रवेशिका दसवीं स्तर पर संस्कृत शिक्षा विभाग अधीन विधालय संचालित है। वर्ष 2013 में स्कूल दसवीं स्तर तक क्रमोन्नत हुई थी। इस ट्रस्ट के द्वारा नियम अनुसार विभाग के निर्देशो का पालन करते हुए गोद लेकर इस संस्था में लगभग 2 करोड़ 63 लाख की राशि से निर्माण कार्य ,फर्नीचर व अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित करवा कर विद्यालय को एक मॉडल विद्यालय के रूप में स्थापित कर दिया गया है। ।इस स्कूल से प्रवेशिका दसवी कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद संस्कृत विषय के उच्च अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को वरिष्ठ उपाध्याय 12वीं स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए 20 किलोमीटर दूरी पर विधानसभा क्षेत्र में केवल नसीराबाद में एक ही वरिष्ठ उपाध्याय स्कूल स्थित है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को अभिभावक उच्च अध्ययन के लिए सहमति प्रदान नहीं करते हैं । जिसके कारण संस्कृत भाषा के विकास एवं उत्थान में अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है। जिसके चलते विद्यार्थियों को संस्कृत विषय में रुचि होते हुए भी सामान्य शिक्षा के विद्यालय में प्रवेश लेना पड़ रहा है ।अधिकांश बालिकाएं दसवीं के बाद संस्कृत शिक्षा से वंचित रह रही है। विद्यालय के क्रमोन्नत होने से श्रीनगर पंचायत समिति क्षेत्र के विद्यार्थियों को एक छत के नीचे संपूर्ण विद्यालय स्तर की शिक्षा सुगमता से प्राप्त हो सकेगी। विद्यार्थियों को प्रवेशिका दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात संस्कृत शिक्षा के उच्च अध्ययन के लिए कहीं अन्य भटकना नहीं पड़ेगा । जिससे विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्कृत शिक्षा के विकास एवं प्रचार प्रसार को भी गति मिलेगी। संस्था का वर्तमान में कुल नामांकन 293 है । कार्यरत स्टाफ कुल 10 है। संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार छात्रों के संस्कृत भाषा के प्रति लगाव संस्कृत भाषा के अध्ययन में अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण एवं ग्रामीणों की लंबे समय से वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत करने की मांग की गई। राठी ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि संस्कृत विद्यालय को वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत करने एव विज्ञान संकाय को खोलने की अनुमति प्रदान की जाती है तो इस ट्रस्ट के द्वारा समस्त प्रकार की भौतिक सुविधाएं तथा विज्ञान लैब संबंधी सामग्री कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास ,संबंधी समस्त भौतिक सामग्री संस्था को उपलब्ध करवा दी जाएगी । शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने श्रीनगर कस्बे को प्लास्टिक मुक्त करने की मुहिम को लेकर भामाशाह श्री गोपाल राठी से यहां की ग्राम पंचायत श्रीनगर में 500 बर्तन, थाली कटोरी, गिलास का सेट देने का प्रस्ताव रखा। आग्रह किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कस्बे में शादी- विवाह के दौरान आयोजित होने वाले प्रीतिभोज में प्लास्टिक के पत्तल दोने गिलास के स्थान पर स्टील के बर्तनों में भोजन परोसा जाए। भामाशाह श्री गोपाल राठी के साथ विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रेरक भागचंद भाट भी इस दौरान मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गो सेवा समिति ने असहाय गोवंश का किया उपचार



**चमकता राजस्थान। फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** समीपवर्ती गाँव रोजड़ी मे अज्ञात वाहन से एकगोवंश घायल हो गया था. जिसकी सूचना पर गौ सेवा समिति श्योसिंहपुरा के सदस्य तुरंत घटना स्थल पर पँहुचे ओर गौवंश को प्राथमिक उपचार देने के बाद पशु चिकित्सक को सूचना देकर मोके पर बुलाया, जहां गंभीर रूप से घायल गौवंश के एक पेर की हड्डी टूट गयी ओर शरीर पर काफी गंभीर चोटें भी थी, इस पर पशु चिकित्सक द्वारा गोवंश का उपचार किया गया, उसके बाद घायल गौवंश को गौ सेवा समिति श्योसिंहपुरा द्वारा संचालित शेल्टर पर रखा गया, गौरतलब हे की गौ सेवा समिति श्योसिंहपुरा अपने गाँव मे पिछले चार साल से ये शेल्टर चला रहे हे, इस पुनीत कार्य के लिए शेल्टर की जगह की व्यवस्था कैलाश यादव एस के ने अपनी निजी जमीन पर करवाई है, जिसमे फुलेरा के आस पास के छेत्र के निराश्रित गौवंश का इलाज किया जाता है, ओर उनके चारे पानी की व्यवस्था सर्दी मे अलाव की व्यवस्था गौ सेवा समिति श्योसिंहपुरा के सदस्यों द्वारा निशुल्क सेवार्थ रूप से की जाती है, समिति के सदस्यों ने अब तक तीन सो से ज्यादा गोवंश का उपचार करवा गया है।

### घर में घुसकर मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। फलोदी 19 दिसंबर।** लोहावट पुलिस ने रात्रि में घर में घुसकर मारपीट, तोडफोड व छेडछाड करने के तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है वही पुलिस ने आमजन में विष्वास एवं अपराधियों में भय पैदा करने के लिए गिरफतारसुदा आरोपियों की पैदल परेड करवाई गई ।

जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी श्रीमति पूजा अवाना ने बताया कि थाना लोहावट द्वारा ग्राम हीरामोतीनगर में द 16.दिसंबर को रात्रि में घर में घुसकर मारपीट, तोडफोड व छेडछाड करने वाले . कैलाष विष्नोई पुत्र सहीराम जाति विष्नोई उम्र 28 साल निवासी फतेहसागर थाना लोहावट जिला फलोदी, बालकिषन पुत्र बीरबलराम जाति विष्नोई उम्र 24 साल निवासी चटालनगर दयाकौर थाना लोहावट. सुभाष पुत्र बुधाराम जाति विष्नोई उम्र 25 साल निवासी फतेहसागर थाना लोहावट जिला फलोदी को गिरफ्तार किया है ।

आज आमजन में विष्वास एवं अपराधियों में भय पैदा करने के लिए गिरफतारसुदा आरोपियों की पैदल परेड करवाई गई । इस दौरान शैतानाराम एएसआई, हैड. कानि. गोविन्दाराम, महिपाल, गोरधनराम, कानि. मदनलाल, सदामाराम, गोपीकिषन, जितेन्द्र कुमार, सुरेष कुमार, देवाराम, गुडडी महिला कानि शामिल रहे।

# राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की आत्मीय मुलाकात

## अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान विधान सभा को श्रेष्ठ बनाये जाने पर हुई चर्चा

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 दिसम्बर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान देवनानी ने बिरला को पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें राजस्थान विधान सभा के आगामी सत्रा, विधान सभा के सदन के नये स्वरूप, सदन को पेपरलैस किए जाने की प्रगति की जानकारी देते हुए उन्हें राजस्थान कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के शुभारम्भ करने के लिए आमंत्राण दिया जिसे बिरला ने स्वीकार कर लिया।

- **राजस्थान विधानसभा बनेगी देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विधानसभा के सदन की कार्यवाही को पेपरलैस बनाये जाने की परियोजना की प्रगति की जानकारी दी। बिरला ने देवनानी को कहा कि संसद की



विशेष टीम राजस्थान विधानसभा की पेपरलैस प्रोजेक्ट का तकनीकी अध्ययन करेगी। इस टीम द्वारा दिये जाने वाले सुझायों के क्रियान्वयन में केन्द्र सरकार राजस्थान विधानसभा की मदद करेगी। देवनानी की बिरला से राजस्थान विधानसभा को अन्य राज्यों की तुलना में देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाये जाने वाले आवशयक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।देवनानी ने कहा कि बिरला के संसदीय अनुभवों और कार्य कुशलता से लोकसभा का गौरव उत्तरोतर बढ़ने के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती भी मिल रही है। लोकसभा अध्यक्ष को विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने गत दिनों उनके द्वारा की गई ऑस्ट्रेलिया,इंडोनेशिया,सिंगापुर और जापान की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने चार देशों के विधायी निकायों का अवलोकन और वहां संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही

- **विधानसभा को पेपरलैस बनाने और ई-विधान की देवनानी ने दी जानकारी,**
- **कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के शुभारम्भ के लिए बिरला ने देवनानी का आमंत्राण किया स्वीकार**

उन्होंने यहां भारत के राजदूतों, प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रबुद्धजन से भी मुलाकात की।

सांसद तिवाडी को दी जन्मदिन की शुभकामनाए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी को नई दिल्ली में स्थित उनके निवास पर पहुँचकर जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा कि तिवाडी का शुचितापूर्ण जीवन, सदैव जनसेवा और समाजहित के प्रति उनकी निष्क्षा और समर्पण युवाओं के लिए अनुकरणीय है।

### कृषि क्षेत्र गिरते तापमान से फसलो को पाले से नुकसान की सम्भावना। कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी



**चमकता राजस्थान । फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** क्षेत्र में दिसंबर माह के शुरू होते ही लगातार सर्दी का दौर बढ़ता ही जारहा है। ऐसे में अगले कुछ दिनों में शीतलहर जारी रहने की संभावना है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को पाले से फसल को बचाने के लिये सावधानीयां बताई जा रही है। सर्दी के मौसम में शीत लहर एवं पाले से सभी फसलों को नुकसान होता है। पाले के प्रभाव से पौधों की पत्तियां एवं फूल झुलसकर झड़ जाते हैं तथा अधपके फल सिकुड़ जाते हैं। फलिया एवं बालियों में दाने नहीं बनते हैं एवं बन रहे दाने सिकुड़ जाते हैं। सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) जोबनेर धारा सिंह भाटी ने बताया कि पौध शालाओं के पौधों एवं सीमित क्षेत्र वाले उद्यानों, नगदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के ताप को कम न होने देने के लिए फसलों को टाट, पॉलिथीन अथवा भूसे से ढक देवे। वायु रोधी टाटिया हवा आने वाली दिशा की तरफ यानी उत्तर पश्चिम की तरफ बांधे। नर्सरी, किचन गार्डन एवं कीमती फसल वाले खेतों में उत्तर पश्चिम की तरफ टाटिया बांधकर क्यारियों के किनारो पर लगाए तथा दिन में पुनः हटाये। जब पाला पड़ने की संभावना हो तब फसलों में हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए। नमी युक्त जमीन में काफी देर तक गर्मी बनी रहती है तथा भूमि का तापक्रम एकदम कम नहीं होता है। जिन दिनों पाला पड़ने की संभावना हो उन दिनोंफसलों पर घुलनशील गंधक 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम प्रति लीटर पानी) में घोल बनाकर छिड़काव करें। ध्यान रखें कि पौधों पर घोल की फुहार अच्छी तरह लगे। छिड़काव का असर दो सप्ताह तक रहता है, यदि इस अवधि के बाद भी शीतलहर व पाले की संभावना बनी रहे तो छिड़काव को 15-15 दिन के अंतर पर पुनः दोहराये ।इस अवसर पर कृषि अधिकारी सुरेश चँद यादव, सहायक कृषि अधिकारी सुमन कुमावत, कृषि पर्यवेक्षक राम गोपाल उपस्थित थे।

# श्रीनगर मैं भागवत कथा का भव्य आयोजन की हुई शुरुआत 101 कलश यात्रा के साथ कथा हुई प्रारंभ

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** अजमेर, नसीराबाद श्रीनगर संतों का संबंध दुनियादारी से नहीं, बल्कि भगवान की भक्ति से है। मनुष्य को लोभ, क्रोध व ईर्ष्या का त्याग कर परमात्मा का ध्यान कर सुमार्ग पर चलना चाहिए। यह बात बुधवार को माहेश्वरी धर्मशाला में शुरू हुई भागवत कथा के दौरान पं. सुनिल बृजवासी महाराज ने कही। इससे पहले भागवत कथा के शुभारंभ पर चारभुजा नाथ मंदिर से महिलाओं ने ढोल ढमाकों के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा नगर भ्रमण के बाद पुनः कथा स्थल तक पहुंची जहां पूजा-अर्चना के बाद कथा शुरू हुई। मुख्य रुप से कस्बे के तेजपाल जोशी अध्यापक, विसन वेष्णव,केलास कुमावत,केलास वेष्णव रघुनाथ मंदिर सेवादार,पवन नागर अमरचंद नागर,ओम प्रकाश वेष्णव, महेंद्र कुमार शर्मा, गोपाल कुमावत, जगदीश जोशी,बीटल बंदवाल, सहित महिला मंडल रहा साथ।



# एक्सिस बैंक ने भारतीय ओलंपियंस की अगली पीढ़ी को सपोर्ट करने के लिए ओजीक्यू-फाउंडेशन फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड गेम्स और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ओजीक्यू-फाउंडेशन फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड गेम्स (एफपीएसजी) और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। दोनों साझेदारियों का उद्देश्य खेल के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले भारतीय एथलीटों की वर्तमान पीढ़ी को सपोर्ट करना और युवा भारतीय एथलीटों की अगली पीढ़ी को संरक्षण प्रदान करना है। इन साझेदारियों के साथ, एक्सिस बैंक पहली बार सीएसआर के तहत खेलों से जुड़ी गतिविधियों को सपोर्ट कर रहा है। इस तरह बैंक ने देश में खेलों से संबंधित ईको- सिस्टम के विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया है।

ओजीक्यू-एफपीएसजी कार्यक्रम के साथ बैंक की साझेदारी के माध्यम से तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, कुश्ती, एथलेटिक्स, तैराकी, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन, स्क्वैश सहित 10 व्यक्तिगत ओलंपिक खेलों और 8 पैरालिंपिक खेलों- एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, निशानेबाजी, पावर लिफ्टिंग, टेबल टेनिस, कैनो, ब्लाइंड जूडो में खिलाड़ियों को सपोर्ट किया जाएगा। साझेदारी के तहत चार वर्षों में 150 एथलीटों और पैरा-एथलीटों को समर्थन प्रदान किया जाएगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके पास विश्व स्तरीय उपकरण, विशेषज्ञ कोचिंग, पोषण संबंधी मार्गदर्शन, मेंटल कंडीशनिंग और चोट या घायल होने पर पुनर्वास कार्यक्रमों तक पहुंच हो, ताकि वे ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में देश के लिए पदक ला सकें।

इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के सहयोग से, बैंक मणिपुर राज्य में एक्सिस बैंक जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू कर रहा है। तीन वर्षों में, कार्यक्रम का लक्ष्य राज्य के साथ-साथ उत्तर-पूर्वी भारत के अन्य हिस्सों के युवा जूडोकाओं के जमीनी स्तर के विकास का समर्थन करना, युवा एथलीटों की बेहतर कोचिंग और प्रशिक्षण सुविधाओं तक पहुँच में सुधार करना और क्षेत्र और देश के लिए विश्व स्तरीय जूडो प्रतिभाओं का एक समूह तैयार करना है। कार्यक्रम के तहत कुल 90 एथलीटों को सपोर्ट किया जाएगा, जिसमें मणिपुर के 50 युवा जूडोका शामिल हैं। इन्हें मणिपुर में जमीनी स्तर की कोचिंग और प्रशिक्षण मिलेगा, और साथ ही पूरे भारत से 40 महिला जूडोकाएं भी इसमें शामिल की जाएंगी, जिन्हें कर्नाटक के विजयनगर में अत्याधुनिक आईआईएस परिसर में अध्ययन और प्रशिक्षण के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति मिलेगी।

कार्यक्रम में बोलते हुए, एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव - स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स एंड सस्टेनेबिलिटी विजय मुलबागल ने कहा, ''एक्सिस बैंक भारत में जीवंत खेल ईको-सिस्टम का समर्थन करने की दिशा में ओजीक्यू प्रोग्राम और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के साथ साझेदारी करके प्रसन्न है। इन दो विश्व स्तरीय कार्यक्रमों के लिए हमारी साझेदारी के माध्यम से, हम देश में मौजूद अंतर्निहित खेल प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें संरक्षण प्रदान करने में मदद करना चाहते हैं, ताकि वे न केवल अपने खेल विषयों में उच्चतम स्तर पर सफल हो सकें, बल्कि जिम्मेदार, आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में भी विकसित हो सकें।''

ओजीक्यू- फाउंडेशन फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड गेम्स के एमडी और सीईओ वीरेन रस्किन्हा ने टिप्पणी की, ''हमें बहुत खुशी है कि एक्सिस बैंक ओजीक्यू समर्थकों के परिवार में शामिल हो रहा है, जो भारतीय एथलीटों को ओलंपिक और पैरालिंपिक स्वर्ण पदक जीतने में मदद कर रहा है। ओजीक्यू के लिए एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता हमारे प्रयासों को मजबूत करती है क्योंकि हम एक राष्ट्र के रूप में खेलों की दुनिया में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के साथ मिलकर काम करते हैं।''

इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट की प्रेसिडेंट मनीषा मल्होत्रा ने कहा, ''भारत में खेलों से संबंधित ईको- सिस्टम को अपनी वास्तविक क्षमता का दोहन करने में मदद करने के लिए कॉर्पोरेट भारत का समर्थन महत्वपूर्ण है, और इसी क्रम में हमें आईआईएस में हमारे दानदाताओं की बढ़ती सूची में एक्सिस बैंक के शामिल होने पर बहुत खुशी है। हमारे पास विजयनगर और मणिपुर में जूडोकाओं का एक प्रतिभाशाली युवा समूह है, और हमारे जूडो कार्यक्रम के लिए एक्सिस बैंक का समर्थन उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक अनुभव और प्रशिक्षण प्राप्त करने में बहुत मदद करेगा।''

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने की अजमेर में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## प्लास्टिक एवं डिस्पोजल मुक्त जीवन जीएं समस्त घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु परिवारों को मिलेंगे पट्टेः शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 दिसम्बर** । शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरूवार को अजमेर मेंसंभाग के जन प्रतिनिधियों एवंअधिकारियों की समीक्षा बैठक ली । इसमें स्वच्छ भारत मिशन, घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु परिवारों को पट्टा वितरण तथा पौधारोपण सहित विभिन्न बिन्दुओं की जिलेवार समीक्षा की गई।शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लिए बीएसआर रेट जारी करने वाला राजस्थान पहला राज्य है। इसके अनुसार अधिकतर निविदा जारी होने के उपरांत कार्यादेश जारी कर कुछ स्थानों पर कार्य आरम्भ किया जा चुका है। शहरों की तर्ज पर गांवों में भी घर-घर कचरा संग्रहण नए वर्ष से आरम्भ करने की सरकार की मंशा को धरातल पर उतारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस पर फोकस करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता गतिविधियों के लिए सरकार के पास पर्याप्त बजट है। सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि स्वच्छता के मद की राशि का उपयोग केवल स्वच्छता गतिविधियों के लिए ही होना चाहिए। इस राशि का अन्य कार्यों में उपयोग लेने पर संबंधित से व्यक्तिगत वसूली की जाएगी उन्होंने कहा कि ओडीएफ के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त शौचालय कार्यशील हो, प्रत्येक व्यक्ति शौचालय का उपयोग करे। किसी भी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच नहीं करना चाहिए। इसी प्रकार ओडीएफ प्लस में ग्रामीण क्षेत्रों में तरल एवं ठोस कचरा प्रबन्धन पर फोकस किया जाएगा। राजस्थान राज्य स्वच्छ दिखना चाहिए। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सफाई नियमित होनी चाहिए। स्वच्छकारों को कार्य मिलना सुनिशि्चित करने के लिए ठेके की शर्तों में परिवर्तन कर पुनः ठेके किए गए है। इससे स्थानीय स्वच्छकारों को रोजगार मिलने के साथ ही पूरा भुगतान भी होगा। निर्धारित आठ घण्टे से अधिक कार्य करने पर ऑवर टाईम का भी प्रावधान किया गया है। सफाई मॉनिटरिंग के लिए ऑनलाईन तरीका अपनाया जाएगा। सफाई नहीं होने पर ठेकेदार से जुर्माना वसूला जाएगा।

### ● प्रदेश के 31 हजार से अधिक परिवारों को बसन्त पंचमी के दिन पट्टे जारी करने की योजना है

।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत राज्य में मानसून में 7 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। इन पौधों की सुरक्षा करें। इन्हें पेड़ बनाने के लिए मनरेगा के माध्यम से सुरक्षा गार्ड लगाए गए है। सूखे एवं जले पौधों की जगह नए पौधे लगाएं। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इसकी भी मॉनिटरिंग करें।इस अवसर पर अजमेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने संभाग के जिलों की प्रगति से अवगत कराया। अजमेर विधायक अनिता भदेल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी, आसीन्द विधायक जब्बर सिंह सांखला, मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत, देवली विधायक राजेन्द्र गुर्जर, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत एवं नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ने क्षेत्रा में किए जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की।

### ● ये गणमान्य एवं अधिकारीगण रहे मौजूद

बैठक में अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाडा, नागौर जिला प्रमुख भागीरथ राम चौधरी, टोंक जिला प्रमुख सरोज कंवर, भीलवाड़ा जिला प्रमुख वरजी बाई, अजमेर नगर निगम के उप महापौर नीरज जैन, प्रशिक्षु आईएएस महिमा कसाना सहित समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधान एवं विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### ● प्लास्टिक एवं डिस्पोजल सामग्री से दूर रहने का दिलाया संकल्प

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्मिकों को प्लास्टिक एवं डिस्पोजल सामग्री से दूर रहने का संकल्प दिलाया। समस्त व्यक्तियों ने दोनों हाथ उठाकर सहमति जताई। बैठक में भी प्लास्टिक तथा डिस्पोजल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया था। प्लास्टिक, पॉलीथीन एवं डिस्पोजल सामग्री से पर्यावरण को होने वाली क्षति के बारे में अवगत कराया। खेती के लिए भी यह सामग्री नुकसानदायक है। गायों पर भी इनके दुष्प्रभाव होते हैं। डिस्पोजल सामग्री से बचने के लिए गांवों में बर्तन बैंक बनाए जाएं। समारोह में पत्तल जैसी सामग्री का इस्तेमाल करें।

### ● अभियान चलाकर चरागाहों से अतिक्रमण हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर चरागाहों से अतिक्रमण हटाया जाए। इसके लिए अतिक्रमणों को चिन्हित करें। जल स्त्रोतो एवं चरागाहों के लिए गठित कमेटियां कार्यशील रहनी चाहिए। इन समितियों के लिए मनोनीत सदस्यों के नाम जनप्रतिनिधियों से लिए जाएं। कमेटियों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करें। परम्परागत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक होते है। अधिकारी प्रतिमाह चार रात्रि विश्राम ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिशि्चित करें। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकास की समस्या का समाधान आपसी सहमति से हो सकता है। यहां बनने वाली सड़क के साथ नाली का प्रावधान रहता है। नाली नहीं बनाने वाले ठेकेदार को सड़क का भी भुगतान न करें।उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु व्यक्ति देश की धरोहर हैं। इन्हें आवास उपलब्ध कराना समाज तथा सरकार की जिम्मेदारी है। ऐसे प्रत्येक परिवार को भूखण्ड मिलना चाहिए। इन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए आवास भी बनाए जाएंगे। इन्हें पट्टा वितरण का अभियान अभी जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत समिति फलौदी में आयोजित 'प्रशासन गांवों की ओर अभियान' में 55 परिवादो का निस्तारण,54 व्यक्तियों की पेंशन व 45 के जाति प्रमाण पत्र जारी




**चमकता राजस्थान । फलौदी,19 दिसंबर।** केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 दिसंबर से 24 दिसंबर, 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा हैं।

जिसके तहत गुरुवार को पंचायत समिति फलौदी मुख्यालय पर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागो की भागीदारी से राजस्थान सम्पर्क पर 55 शिकायतो/परिवादो का निस्तारण किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 54 व्यक्तियों की पेंशन जारी की गई। साथ ही 45 जाति प्रमाण पत्र जारी किये गये। खाद्यान्न आपूर्ति विभाग द्वारा 30 राशन कार्ड में आधार सिडिंग की गई। 17 नये राशन कार्ड जारी किये गये। 22 मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किये गये। पंचायती राज विभाग द्वारा 27 जन्म प्रमाण पत्र एवं 1 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये गये। स्वामित्व प्रॉपर्टी कार्ड 23 जारी किये गयें। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी सुनील पंवार, तहसीलदार डॉ भावना सांखला सहित विभिन्न विभागो के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### 20 दिसंबर को पंचायत समिति बाप में आयोजित होगा शिविर

- **सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत प्रशासन गांव की ओर- 2024 अभियान के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति बाप में शिविर आयोजित किया जाएगा**
- **पंचायत समिति केबीसी कक्षा में गुरुवार को नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जनसुनवाई की**




**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर/नसीराबाद/श्रीनगर।** श्रीनगर में गुरुवार को पंचायत समिति केबीसी कक्षा में सभी विभागिए अधीकारी से सहित मोजुदगी में जनसुनवाई की नसीराबाद उप खंड अधिकारी इस दौरान नसीराबाद तहसीलदार ममता यादव नायब तहसीलदार अजय पाल जाजोता पुलिस विभाग श्रवण सिंह, सहायक विकास अधिकारी मनोज मौर्य ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के 10 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण क उच्चर परिवादियों को राहत प्रदान की गई ।समस्त विभागों के अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं का समय पर निस्तारण करने, संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाए का शीघ्र निस्तारण करना एवं दैनिक जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाए का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

## 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें निर्माणाधीन हैं, 200 वंदे भारत स्लीपर रेक का निर्माण प्रौद्योगिकी भागीदारों को सौंपा गया है: अश्विनी वैष्णव

चमकता राजस्थान



जयपुर/दिल्ली (खलील कुरैशी) विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव के लिए, भारतीय रेलवे अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रहा है; 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान निर्मित एलएचबी कोचों की संख्या 16 गुना से अधिक हैः केंद्रीय रेल मंत्री''सुगम्य भारत मिशन'' के हिस्से के रूप में, भारतीय रेलवे दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों को अधिकांश मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों में व्यापक सुविधाएं प्रदान करता हैः वैष्णवदेश में फिलहाल लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें निर्माणाधीन हैं। पहला प्रोटोटाइप तैयार हो चुका है और इसका फील्ड ट्रायल किया जाएगा। इसके अलावा, 200 वंदे भारत स्लीपर रेक के निर्माण का काम भी प्रौद्योगिकी भागीदारों को दिया गया है। ट्रेन के रोलआउट की समय-सीमा परीक्षणों के सफल समापन के अधीन है। 02 दिसंबर 2024 तक, देश भर में छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा के पटल पर रखे एक बयान में कहा कि विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव देने के लिए, भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क पर वर्तमान में चेयर कार वाली 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं; अक्टूबर, 2024 तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल ऑक्यूपेंसी 100% से अधिक है।रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क पर वर्तमान में चेयर कार युक्त 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं; अक्टूबर 2024 तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल अधिभोगता 100% से अधिक है।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रही हैं। पिछले वर्षों के दौरान एलएचबी कोचों का उत्पादन लगातार बढ़ा है। 2014-24 के दौरान निर्मित एलएचबी कोचों की संख्या 2004-14 के दौरान निर्मित (2,337) संख्या से 16 गुना (36,933) अधिक है। भारतीय रेलवे (आईआर) ने एलएचबी कोचों की भरमार कर दी है 'सुगम्य भारत मिशन' (सुगम्य भारत अभियान) के हिस्से के रूप में, भारतीय रेलवे दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए सुगमता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के दिशा-निर्देशों के तहत, रैंप, सुलभ पार्किंग, ब्रेल और स्पर्शनीय संकेत, कम ऊंचाई वाले काउंटर और लिफ्ट/एस्कलेटर जैसी व्यापक सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। नवंबर 2024 तक, भारतीय रेलवे ने 399 स्टेशनों पर 1,512 एस्कलेटर और 609 स्टेशनों पर 1,607 लिफ्टें स्थापित की थीं, जो पिछले दशक की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है - क्रमशः 9 और 14 गुना की वृद्धि। इसके अलावा, अधिकांश मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में चौड़े प्रवेश द्वार, सुलभ शौचालय और व्हीलचेयर पार्किंग वाले समर्पित कोच उपलब्ध हैं, जबकि वंदे भारत ट्रेनें दिव्यांगजनों के लिए स्वचालित दरवाजे, निर्धारित स्थान और ब्रेल साइनेज जैसी सुविधाओं के साथ बेहतर सुगमता प्रदान करती हैं।

## राजस्थान कम्युनिटी पुलिसिंग व एससीआरबी की संयुक्त पहल

» नये साल के पहले सप्ताह से राजकॉप सिटीजन एप व नीड हेल्प फीचर के ज़िलेवार डेमो की होगी शुरुआत

» वूमन सेफ़्टी के तहत 'नीड हेल्प' नाम का फ़ीचर जोड़ा गया है, इससे महिलाएं या बच्चे मुसीबत में होगा अप्रत्याशित लाभकारी :– पंकज सिंह चौधरी



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 दिसम्बर।** राजस्थान पुलिस की एससीआरबी विंग द्वारा महिला व बच्चियों की सुरक्षा के लिए संचालित की जा रही बहुउपयोगी एप ''राज कॉप सिटीजन ऐप के ज़िलेवार डेमो की शुरुआत अगले महीने के पहले सप्ताह से होगी।पुलिस मुख्यालय की कम्युनिटी पुलिसिंग विंग द्वारा जिलों में डेमो देने की पहल की जा रही है। इस ऐप में वूमन सेफ़्टी के तहत 'नीड हेल्प' नाम का फ़ीचर जोड़ा गया है, इसके ज़रिए महिलाएं या बच्चे मुसीबत में होने पर पुलिस से मदद मांग सकते हैं। अभी हॉल ही में उदयपुर में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजन लाल शर्मा द्वारा एप के मदद चाहिए (Need help) फीचर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान एससीआरबी विंग के आईजी शरत कविराज ने डेमो प्रस्तुत किया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की इस विशेष कड़ी में कम्युनिटी पुलिसिंग शाखा के एडीजी बीएल मीना व नोडल अधिकारी पंकज चौधरी ने ज़िलेवार डेमो की पहल की है। जिसकी शुरुआत अगले महीने आयुक्तालय जयपुर से की जा रही है। नये साल के जनवरी महीने में जयपुर आयुक्तालय के चारों ज़िलों के एक-एक चयनित थाने पर प्रति सप्ताह कम्युनिटी पुलिसिंग के सैकड़ों सदस्य थाना क्षेत्र की महिलाओं , बच्चियों तथा थाने के पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में ''राज कॉप सिटीजन ऐप'' की खूबियों व Need Help का डेमो देंगे।मदद चाहिये (Need help) का डेमों मीटिंग में उपस्थित किसी महिला या बच्ची द्वारा कराया जाएगा, जिससे इस सुविधा का लाभ सभी ज़रूरतमंद को मिल सके। इस सत्र के दौरान आईजी साइबर क्राइम एवं एससीआरबी, शरत कविराज, कम्यूनिटी पुलिसिंग के प्रभारी पंकज चौधरी और संबंधित ज़िले के डीसीपी, एसीपी व एसएचओ उपस्थित रहेंगे।इसके बाद राजस्थान के अन्य ज़िलों में भी नियमित रूप से कई सत्र आयोजित किये जायेंगे। राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय, कॉलेज तथा स्कूल में भी सत्र आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।महिला व बच्चियों के लिए Need help वरदान साबित होगी। Need help पर मदद का अलर्ट मिलने पर कम रिस्पांस टाइम के साथ विपदा या मुश्किल में पुलिस की गाड़ी 112 या अन्य आवंटित गाड़ी सहायता पहुंचाएगी।

## प्रतापगढ़ पुलिस ने ड्रग तस्करों के गढ़ में बोला धावा, अल सुबह की गई कार्रवाई से मचा हड़कंप

- **भोपाल में पकड़ी गई करोड़ों की एमडी ड्रग में वांछित आरोपी शोएब के पिता व भाई सहित तीन गिरफ्तार, चार चौपहिया व 6 बाइक जब्त**
- **आरोपी पिता वकील खान खुद को बताता है पत्रकार एवं मानव अधिकार समिति का सदस्य, जिसकी आड़ में बेटों के साथ कर रहा था ड्रग्स का कारोबार**

चमकता राजस्थान




**जयपुर/प्रतापगढ़, (खलील कुरैशी) 19 दिसंबर।** प्रतापगढ़ जिले की थाना प्रतापगढ़ व अरनोद सहित 6 थानों की पुलिस एवं क्यूआरटी टीम द्वारा गुरुवार अल सुबह ड्रग तस्करी के गढ़ देवल्दी गांव में दबिश देकर ड्रग्स का कारोबार करने वाले एवं इनसे जुड़े वांछित अपराधियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया। जिसमें ड्रग तस्करी गिरोह के तीन सरगनाओ को गिरफ्तार कर मौके से संदिग्ध चार चौपहिया व छः मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि प्रतापगढ, अरनोद सहित जिले की अन्य थानों व क्यूआरटी की एक संगठित टीम बनाकर गांव देवल्दी में दबिश देकर तलाशी में संदिग्ध मिले एक स्कोर्पियों, दो अल्टो कार, एक आई-20 कार व 06 मोटरसाईकिल सहित कुल 10 वाहन जप्त किये गये। इस कार्रवाई में वकील खान पठान पुत्र शेरअली खान (61), उसके बेटे समीर खान पठान (23) व एक अन्य फरीद खान पठान (23) निवासी देवल्दी थाना अरनोद को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एसपी बंसल ने बताया कि 6 मार्च को थाना प्रतापगढ़ पुलिस की टीम ने अरनोद रोड पर नाकाबंदी में बाइक सवार आरोपी नारायण लाल भोई व प्रदीप मेघवाल निवासी थाना भदेसर चित्तौड़गढ़ को 345 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित गिरफ्तार किया था। इन दोनों को ड्रग देने वाले फरार आरोपी सलमान खा पठान निवासी देवल्दी को पुलिस ने कुछ समय पश्चात गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद ड्रग्स रैकेट में शामिल कुछ बड़े नामों वकील खान एवं उसके बेटे शोएब व समीर खान सहित फरीद खान का खुलासा किया था। शोएब के अतिरिक्त बाकी तीनों को अब गिरफ्तार कर लिया गया हैशोयब खान का भोपाल में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री मामले में काफी नाम आया था। इसी क्रम में 16 दिसम्बर को पुलिस ने देवल्दी गांव में 40 करोड की कीमत की एमडी ड्रग्स एवं केमिकल्स जब्त किये थे एसपी बंसल ने बताया कि इसी के मध्यनजर एमडी ड्रग्स के अवैध धंधे से जुडे लोगों की धरपकड़ के लिए उनके निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार वृताधिकारी अरनोद चन्द्रशेखर पालीवाल एवं वृताधिकारी प्रतापगढ गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में भारी मात्रा में पुलिस बल द्वारा तलाशी अभियान चला उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी वकील खान स्वयं को पत्रकारिता एवं मानवाधिकार समिति का सदस्य बताते हुए उसी की आड़ में अपने दोनों बेटों शोयब व समीर के साथ मिलकर ड्रग्स का यह कारोबार चला रहा था। अनुसंधान जारी है, इनसे पुछताछ में ड्रग्स कारोबार से जुडे अन्य तथ्यों का भी खुलासा किया जाएगा। इस कार्रवाई में एसएचओ प्रतापगढ़ दीपक बंजारा, एसएचओ अरनोद हजारी लाल, एसएचओ हथुनिया इंद्रजीत सिंह, एसएचओ धमोत्तर नरेंद्र सिंह भाटी, एसएचओ रठांजना दीपक कुमार, एसएचओ धोलापानी रविंद्र कुमार और उनकी टीम के साथ प्रतापगढ़ जिले की क्यूआरटी भी शामिल थी।

## एक्सीलेंस सेंटर से सिरेमिक उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिरेमिक्स में एकेडेमेशियंस, तकनीकी विशेषज्ञ, सिरेमिक उद्योग व माइनिंग व भूविज्ञान सेक्टर के विशेषज्ञों की होगी सहभागिता: टी रविकांत प्रमुख शासन सचिव माइंस

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी) 19 दिसंबर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस, भूविज्ञान व पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि राज्य में सेंटर ऑफ एक्सीलंस फॉर सिरेमिक्स की स्थापना से खनिज सिरेमिक के एक्सप्लोरेशन, खनन, गुणवत्ता, प्रसंस्करण, विश्वस्तरीय शोध, सिरेमिक आधारित उद्योगों की स्थापना सहयोग, मार्गदर्शन, टेस्टिग और सिरेमिक उत्पादों के निर्माण तकनीक बदलावों को साझा करने और अनुभवों का लाभ प्राप्त करने के साथ ही प्रदेश में सिरेमिक उद्योग को बढ़ावा दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिरेमिक्स की शुरुआत की आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में है।खनन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त गुरुवार को सचिवालय से वर्चुअली बैठक के माध्यम से देश और प्रदेश के जाने माने एकेडेमियंस, विशेषज्ञों, तकनीकी एक्सपर्ट, स्टार्टअप, स्टेक होल्डर्स सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श भजन लाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान में सिरेमिक मिनरल्स के विपुल भण्डार के खनन से प्रसंस्करण तक विश्वस्तरीय शोध, तकनीक, विश्वस्तरीय उत्पाद, सिरेमिक मिनरल्स की राज्य में ही प्रोसेसिंग को बढ़ावा देकर सिरेमिक क्षेत्र में देश दुनिया में राजस्थान की पहचान बनाने



की पहल की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिरेमिक मिनरल्स बाल क्ले, सिलिका सैंड, क्वार्ट्ज, चाइना क्ले, फेल्सपार इत्यादी के बीकानेर, अजमेर, बाड़मेर, भीलवाडा, चित्तोडगढ, जयपुर, करौली, नागौर, पाली व राजसमन्द जिलों में विपुल भण्डार उपलब्ध है। राजस्थान का कच्चा माल प्रोसेस होने के लिए अन्य प्रदेशों में जा रहा है। उद्योग से जुड़े उन्होंने बताया कि विभाग को कोर टीम गठित करने और सीजीसीआरआई के विस्तारित सेंटर के अध्ययन के लिए अधिकारियों का दल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेंटर शुरु होते ही तत्काल आरंभ की जाने वाली सेवाओं को चिन्हित कर लिया जाए ताकि सेंटर स्थापना के पहले दिन से ही अपनी लाभदायकता सिद्ध कर सके। उन्होंने विस्तार से प्रतिभागियों से क्या, क्यों और कैसे पर चर्चा की ताकि एक्सीलेंस सेंटर फॉर सिरेमिक्स अधिक उपादेय हो सके।बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय और एमडीएम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. अजय शर्मा ने कहा कि राजस्थान मिनरल्स का प्रदेश है। हमें शोध, इंजीनियरिंग सिस्टम के साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता जांच व परिमार्जन की संभावनाओं पर भी काम करना होगा।निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना के लिए विशेषज्ञों से राय लेकर उसे और अधिक उपादेय बनाया जा रहा है। सिरेमिक मिनरल्स का ग्लास, सिरेमिक्स, बिजली के काम आने वाले इंसूलेटर, टायलेट में काम आने वाले सेनेटरीवेयर उत्पाद, रियल एस्टेट में काम आने वाली टॉयल्स, पॉ-ट्री, ब्रिक्स, सेमी कण्डक्टर सहित विभिन्न उत्पादों को तैयार करने में सिलिका मिनरल्स की प्रमुख व प्रभावी भूमिका है। कलाल ने बताया कि कोर कमेटी, अध्ययन दल और सेंटर के गवर्निंग काउंसिल व एक्जीक्यूटिव काउंसिल के प्रस्तावों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।प्रिसिंपल साइटिंस्ट सीजीसीआरआई डॉ.पीके सिन्हा, नरोडा खुरजा के प्रभारी डॉ. एलके शर्मा, अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई की प्रोफेसर मनीषा, आईआइटी बीएसयू सेरेमिक के प्रोफेसर शांतनु दास, सीजीसीआरआई एनआईआईटी व आईआईएसटी तिरुवनंतपुरम के अनंत कुमार, एलिटेक अर्थ साइंस कोलकोता के अजित सिंह चौधरी, डॉ. एनके शर्मा, प्रिंसिपल बीटीयू श्री वाईएन सिंह आदि ने विस्तार से सेंटर की आवशयकता, उदादेयता, आवशयक सेवाओं और फेजिंग मैनर में सुविधाओं के विस्तार के संबंध में विचार साझा किये।अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान एसएन डोडिया को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त निदेशक आशु चौधरी, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा ने भी हिस्सा लिया। एडी माइंस वाईएस सहवाल, एसएमई डॉ. धर्मेन्द्र लोहार, एसजी जीएस शेखावत, श्रीकरणवीर, गोपालराम, एमई श्रीएमपी पुरोहित, महाप्रबंधक डीआईसी मंजू नैन सहित खान व भूविज्ञान, उद्योग, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, माइनिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्ट सिटी सीईओ अरुण हसीजा ने किया स्मार्ट सिटी के कार्यों का बारिकी से निरीक्षण



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** स्मार्ट सिटी सीईओ अरुण हसीजा ने किया स्मार्ट सिटी के कार्यों का निरीक्षण चौगान स्टेडियम का किया दौरा आल वेदर स्विमिंग पूल को शीघ्र शुरू करने के दिए निर्देश वहीं, एसटीपी शीघ्र नगर निगम हेरिटेज को सुपुर्द करने के निर्देश इस संबंध में सोमवार को राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद में चार बजे बैठक का होगा आयोजन बैठक सचिव युवा मामले व खेल विभाग के एसएमएस स्टेडियम स्थित कक्ष में होगी उल्लेखनीय है चौगान स्टेडियम के काम की स्वीकृति अरुण कुमार हसीजा के प्रयासों से हुई थी जब वह राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव थे।

### कृषि समस्याओं का समाधान और किसानों की आय में बढ़ोतरी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : भागीरथ चौधरी

- **किसान नेताओं के अलग अलग प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री से दिल्ली में मुलाकात कर कृषि से जुड़े विषयों पर की चर्चा**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/दिल्ली (खलील कुरैशी)** 19 दिसंबर 2024केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न किसान नेताओं, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, और जनप्रतिनिधियों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर कृषि और किसान हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई योजनाओं पर कार्य हो रहा है।
विभिन्न प्रदेशों के किसान प्रतिनिधियों ने की मुलाकात : राजस्थान से ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चैची और अन्य किसान प्रतिनिधियों ने किसानों की चुनौतियों जैसे- जल प्रबंधन, उर्वरक आपूर्ति, फसल बीमा योजना, और न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) से संबंधित विषय उठाए। हरियाणा और दिल्ली से आए किसान प्रतिनिधियों ने भी स्थानीय स्तर पर कृषि विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त महाराजा सूरजमल फाउंडेशन दिल्ली के सदस्यों ने भागीरथ चौधरी के दिल्ली आवास पर मुलाकात कर हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की समस्याओं पर चर्चा की।

- **कृषि समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता :**

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार हर किसान के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के साथ किसानों को सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडलों को यह भी आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं को उचित स्तर पर उठाया जाएगा और समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# समलैंगिक एवं ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों को परिभाषित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 दिसंबर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में चंद्र प्रकाश श्रीमाली, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय के निर्देशन में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के प्रकरण ''सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल के क्रम में प्रदत्त दिशा-निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर, द्वितीय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला तथा नई भोर संस्था के समन्वय से समलैंगिक एवं ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों को परिभाषित करने एवं उक्त अंकित समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा हेतु पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैरा लीगल वॉलेन्टीयर्स आदि हेतु ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय, नई



दिल्ली के प्रकरण ''सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ सिविल'' की विस्तृत जानकारी उपस्थित जन को प्रदान की। इस क्रम में नई भोर संस्था की प्रभारी पुष्पा जी ने बताया कि उक्त समुदाय के लोगों आज के इस विकसित मानसिकता वाले समाज में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समुदाय विशेष के लोगों को शिक्षा, चिकित्सा एवं मुलभूत सुविधाएं प्राप्त करने तक हेतु काफी दिक्कतों को झेलना पड़ता है और आमजन से भी किसी प्रकार की सहायता अथवा सलाह नहीं मिलती है। इसी कारण समुदाय विशेष चिकित्सा एवं अन्य मुलभूत सुविधाओं से भी वंचित हो जाता है तथा इसी कारण शिक्षा का स्तर भी समुदाय विशेष में काफी निम्न स्तर का है।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय सचिव पल्लवी शर्मा ने कहा कि एलजीबीटीक्यूआईए$ एक ऐसा विषय है जो आज भी आमजन के बीच में गलत धारणाओं के कारण संवेदनशील बना हुआ है। आज ये प्रशिक्षण कार्यक्रम इस विषय को साधारण एवं आमजन में प्रचारित करने हेतु आयोजित किया गया है ताकि पैनल अधिवक्तागण, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स(अधिकार मित्र), लीगल एड डिफेंस काउन्सिल को समुदाय विशेष के अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा सके ताकि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर चलाये जाने विशेष अभियानों के माध्यम से इस विषय पर भी आमजन में जागरूकता प्रसारित हो सके कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयामों से भी राजेन्द्र बंशीवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर प्रथम व पवन कुमार जीनवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला ने उपस्थित जन को अवगत करवाया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रीति चौधरी, व्याख्याता, राजस्थान यूनिवर्सिटी ने भी इस विषय के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बी.पी.चन्देल, संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, रतन सिंह, जिला समन्वयक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रामकिशन बिश्नोई, अति. पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण, आलोक सिंघल, अति. पुलिस उपायुक्त, पश्चिम, जयपुर, सुरेश कुमार महरानियां, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सिक-ाउ, उत्तर, जयपुर, बबीता राजावत, शिक्षा विभाग, आरिफ मंसूरी, विधि अधिकारी, नगर निगम ग्रेटर, लक्षित चौधरी, विधि अधिकारी, नगर निगम ग्रेटर, चीफ एलएडीसीएस, जयपुर महानगर प्रथम, द्वितीय व जिला, पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वालंटीयर व संबंधित समुदाय से व्यक्ति उपस्थित रहे।

### अलवर जिले में थाना साइबर पुलिस की कार्रवाई : 85.43 करोड़ रुपये की साइबर ठगी में नासिक से आरोपी गिरफ्तार

- **फेसबुक पेज पर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग कर रुपये बढाकर देने का लालच देता, फर्जी एप्लिकेशन से करता आँनलाईन धोखाधड़ी**




**चमकता राजस्थान। जयपुर/अलवर! (खलील कुरैशी) 19 दिसंबर।** अलवर जिले के रहने वाले एक दंपति से 85.43 करोड रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में जिले की साइबर थाना पुलिस ने आरोपी जैद मोहम्मद खान पुत्र कयूम मोहम्मद (21) निवासी थाना मुंबई नाका जिला नासिक महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी फेसबुक पेज पर फर्जी विज्ञापन देकर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा देने का लालच दे आनलाईन धोखाधडी किया करता था।एसपी संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी भूनेश कुमार सैनी द्वारा साईबर थाना अलवर पर प्रकरण पंजीबद्ध करवाया गया था कि जून 2024 मे फेसबुक पेज पर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग के नाम पर रुपये लगा कर अच्छा प्रोफिट देने का विज्ञापन देकर फर्जी एप्लिकेशन डाउनलोड करवा कर परिवादी व उसकी पत्नि से 85.43 करोड़ रुपये साइबर ठगों ने अलग अगल खातों में ट्रान्सफर करवा कर धोखाधडी की है।प्रकरण की घटना को गंभीरता को देखते हुए एसपी नैन द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह व डीएसपी यातायात मुकेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं एसएचओ साइबर थाना पुलिस निरीक्षक श्रीराम मीना की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मामले मे पीड़ित परिवादी व उसकी पत्नि के खातों से करीब 66 लाख रुपये की रकम संदिग्ध बैंक खाते मे प्राप्त होना पाया। इस पर आसूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी जैद कयूम खान को गिरफ्तार किया गया।
आरोपी के द्वारा कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की जाकर करीब 2 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त किया जाना पाया गया है। जिसके सम्बन्ध में आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी से इस घटना के अलावा अन्य वारदात खुलने की सम्भावना है।इस कार्रवाई में साइबर थाना से एसएचओ श्रीराम मीना, एसआई सागर मीना, कांस्टेबल खुशीराम, डीएसटी से कांस्टेबल देवकीनन्दन व साइबर सेल से कांस्टेबल लोकेश शामिल रहे।

# अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024

- **नवीन महाजन और जगदीश तंवर की शानदार जीत**

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी)19 दिसंबर। अखिल भारतीय सिविल सेवा की जयपुर में चल रही लॉन टेनिस प्रतियोगिता के पांचवें दिन का प्रदर्शन राजस्थान टीम के कप्तान आईएएस नवीन महाजन और जगदीश तंवर के नाम रहा। जय क्लब में खेले गए मुकाबले में इस जोड़ी ने डबल्स वर्ग में



बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।नवीन महाजन और जगदीश तंवर की जोड़ी ने मोहिंदर सिंह संधू और धर्मेंद्र शर्मा को 7-0 के बड़े अंतर से हराया। इस मैच के चेयर अंपायर शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच थे।डबल्स मुकाबलों के अलावा, मिक्स डबल्स में भी राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हरेंद्र शर्मा और रितु रानी की जोड़ी ने कैलाश प्रजापत और सुमन कुमारी को 7-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।यह उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 दिसंबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम और जय क्लब में किया जा रहा है।

## जयपुर जिला कलक्टर ने एक ही दिन में सुनीं 241 परिवेदनाएं

# सुशासन सप्ताह के तहत समस्या का हुआ समाधान तो चेहरे पर खिली मुस्कान : डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 दिसंबर। किसी की रुकी हुई पेंशन शुरू हो गई, तो किसी को निःशुल्क इलाज के रूप में मिली संजीवनी, किसी के बेहतर भविष्य के सपने को मिला छात्रवृत्ति का संबल तो किसी को मिला पालनहार योजना का सहारा। कुछ ऐसा ही नजारा था गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार का।सुशासन सप्ताह के पहले दिन जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंद आचार्य, मनीष यादव, डॉ. शिखा मील बराला की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 241 परिवादियों के परिवाद




सुने, जिनमें से कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 241 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेंशन शुरू करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं।

### ये रहे मौजूद

जनसुनवाई में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, उप वन संरक्षक वी.केतन कुमार,अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

## एसीबी ने हवामहल जोन, नगर निगम हैरिटेज में दिया कार्रवाई को अंजाम

- सफाई कर्मचारी पूर्व में ली हुई 50 हजार रुपये रिश्वत राशि में से 30 हजार रुपये रिश्वत वापस लौटाते गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 दिसम्बर, गुरूवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जयपुर नगर-चतुर्थ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये हरज्ञान सिंह गुर्जर सफाई कर्मचारी कार्यालय उपायुक्त, हवामहल जोन, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर को परिवादी से पूर्व में ग्रहण की गई 50 हजार रुपये रिश्वत राशि में से 30 हजार रुपये रिश्वत वापस लौटाते गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी.की जयपुर नगर-चतुर्थ इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके द्वारा दर्ज करवाई गई अतिक्रमण की शिकायत पर कार्यवाही करने की एवज में आरोपी हरज्ञान सिंह गुर्जर सफाई कर्मचारी द्वारा सीमा चौधरी उपायुक्त, हवामहल जोन, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर के नाम से 1 लाख रुपये की मांग कर दिनांक 08-11-2024 को 50 हजार रुपये रिश्वत वसूल कर ली थी। बाद में परिवादी की शिकायत पर कार्यवाही नहीं करने की स्थिति में परिवादी द्वारा तकाजा करने पर 30 हजार रुपये रिश्वत वापस लौटा रहा था।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की जयपुर नगर-चतुर्थ इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हरज्ञान सिंह गुर्जर सफाई कर्मचारी को पूर्व में ग्रहण की गई 50 हजार रुपये रिश्वत राशि में से 30 हजार रुपये रिश्वत वापस लौटाते गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि प्रकरण में संदिग्ध आरोपिया सीमा चौधरी उपायुक्त, हवामहल जोन की भूमिका की विस्तृत जाँच की जा रही है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## लग्जरी मैरिज इवेंट्स और टैंट कारोबारियों पर आयकर विभाग ने कसा शिकंजा, 22 ठीकानों पर मारा छापा




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** आयकर छापेमारी में मिली करीब 5 करोड़ की नकदी, टेंट, वेडिंग प्लानर और इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर छापे का मामला, जयपुर में 22 ठिकानों पर हुई कार्रवाई, सूत्रों से मिली जानकारी के तहत छापेमारी में अधिकारियों ने 15 लॉकर्स का पता लगाया गौरतलब है कि शुक्रवार को लॉकर्स खुलना होगा शुरू, नकदी के अलावा नकद में लेनदेन के डिजिटल दस्तावेज भी हुए बरामद, फोन, लैपटॉप और क्लोनिंग पर मिले अनेक दस्तावेज, नकद समायोजन के लिए ₹व्यवस्था₹ करने की भी उपलब्ध थी सुविधा, कुकस रोड स्थित गुलमोहर लग्जरी वेडिंग वेन्यू के संचालक, तालुका टेंट हाउस व इससे जुड़े कारोबारियों, वेडिंग प्लानर भावना चारण, गुंजन सिंघल, जे ओबेरॉय केटर्स, मेपसोर के मुकेश शर्मा, अखिलेश शर्मा, प्रीतेश शर्मा, इंडियन वेडिंग प्लानर के आनंद खंडेलवाल और इनसे जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी, त्रिपोलिया बाजार, बनी पार्क, श्याम नगर, टोंक रोड, सी-स्कीम, सिविल लाइन्स आदि क्षेत्रों में सभी 22 ठिकानों पर देर रात तक छापेमारी जारी, आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा कर रही छापेमारी, छापेमारी में और भी बड़े खुलासे होने का किया जा रहा दावा

# सूरमा हॉकी क्लब ने प्रशिक्षण शिविर के साथ शुरू की एचआईएल की तैयारी

**चंडीगढ़। एजेंसी**

सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपना प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप शुरू कर दिया है। 28 दिसंबर से 1 फरवरी तक चलने वाली लीग के साथ, यह कैंप रणनीति बनाने, टीम के सामंजस्य और खेल शैलियों को समन्वित करने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण के रूप में कार्य करता है। प्री-सीजन कैंप में अब भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों खिलाड़ी शामिल हैं। 14 दिसंबर को शामिल हुए भारतीय दल में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, सुनीत लाकड़ा और मोहित एचएस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बुधवार को शिविर में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय सितारे अपने साथ ढेर सारा अनुभव और विविध खेल शैली लेकर आए हैं। इनमें ऑस्ट्रेलियाई ड्रैग-फ्लिकर जेरेमी हेवर्ड, बेल्जियम के निकोलस पोंसलेट और विक्टर वेगनेज शामिल हैं।

■ ऑस्ट्रेलियाई ड्रैग-फ्लिकर जेरेमी हेवर्ड, बेल्जियम के निकोलस पोंसलेट और विक्टर वेगनेज शामिल हैं



दक्षिण अफ्रीकी स्टार दयान कैसिएम, बेल्जियम के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोलकीपर विन्सेंट वानाश, डच स्ट्राइकर बोरिस बर्कहार्ट और अर्जेंटीना के मिडफील्डर निकोलस डेला टोरे सहित बाकी अंतरराष्ट्रीय दल आने वाले दिनों में शिविर में शामिल होंगे। शिविर की प्रगति को लेकर टीम के कोच और मेंटर सरदार सिंह ने खिलाड़ियों के बीच सौहार्द और समझ बनाने में इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा खिलाड़ियों को एक-दूसरे से परिचित कराने के लिए यह शिविर महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि कुछ ने पहले कभी एक साथ नहीं खेला है। हमारा लक्ष्य मैदान पर समन्वय सुनिश्चित करना और एक मजबूत, एकजुट टीम बनाना है।

हरमनप्रीत सिंह ने आगामी लीग और टीम की बेहतर तैयारियों के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा हम सभी सूरमा हॉकी क्लब का प्रतिनिधित्व करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, चंडीगढ़ में शिविर लगाना हमारे लिए विशेष रूप से सार्थक है, एक ऐसा क्षेत्र जिसका हम सूरमा हॉकी क्लब के रूप में प्रतिनिधित्व करते हैं। विदेशी खिलाड़ियों के हमारे साथ जुड़ने से ऊर्जा और भी बेहतर हो गई है, और हमें उम्मीद है कि हम इसे अपने प्रदर्शन में शामिल करेंगे। सूरमा हॉकी क्लब अपने पहले अभियान की शुरुआत रविवार, 29 दिसंबर 2024 को राउरकेला में तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ करेगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज से बाहर हुए केशव

**जोहानसबर्ग। एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शेष बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्योंकि पहले वनडे के लिए वार्मअप करते समय उनके बाएं पैर में खिंचाव आ गया था। श्रृंखला के अंतिम दो वनडे के लिए उनके स्थान पर स्लो लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स ब्योर्न फोर्टुइन को टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान के अनुसार, महाराज पुनर्वास के लिए डरबन लौटेंगे और 26 दिसंबर को सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले उनका मूल्यांकन किया जाएगा। महाराज को तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। प्रोटियाज वर्तमान में डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं,



और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-0 से हारने के बाद, पाकिस्तान ने वापसी की और पहला वनडे तीन विकेट से जीत लिया। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे गुरुवार को केपटाउन में खेला जाएगा। जबकि तीसरा वनडे 22 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

## द हंड्रेड : नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स महिला टीम की मुख्य कोच नियुक्त हुई लिसा केइटली

**लंदन। एजेंसी**

लिसा केइटली को नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स महिला टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। केइटली, जो 2019 से 2022 तक इंग्लैंड महिला टीम की मुख्य कोच थीं, डैनी हेजेल की जगह लेंगी, जो टीम के साथ चार साल बिताने के बाद अपने अनुबंध के अंत में सुपरचार्जर्स को छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का हेड कोच बनने का अवसर एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं पिछले चार वर्षों में रखी गई ठोस नींव पर आगे बढ़ने के लिए



उत्साहित हूं। हंड्रेड एक गेम-चेंजर रहा है। इसने महिलाओं के खेल को एक शानदार मंच प्रदान किया है और खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए वह मंच दिया है जिसकी वे हकदार हैं। उन्होंने कहा हेडिंग्ले इस बात का एक शानदार उदाहरण रहा है कि प्रशंसकों ने इस रोमांचक प्रतियोगिता को कैसे अपनाया है, और मैं वास्तव में अगले साल वहां होने का इंतजार कर रही हूं। एक टीम के रूप में हमारा लक्ष्य प्रतियोगिता जीतना है, और हम डेडलाइन डे से पहले कोर स्क्वाड को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं, साथ ही हम हंड्रेड ड्राफ्ट के माध्यम से जिन खिलाड़ियों की भर्ती करेंगे, मुझे विश्वास है कि हमारे पास इसे हासिल करने की क्षमता है।

## घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल बल्लेबाज के रूप में खेलेंगी हीली



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली के घुटने में दर्द के कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं कर पाएंगी। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जनवरी में होने वाली एशेज सीरीज के लिए खुद को तैयार करने के लिए तीनों मैचों में बल्लेबाज के तौर पर खेल पाएंगी। बेथ मूनी गुरुवार को वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में होने वाले सीरीज के पहले मैच में बतौर विकेटकीपर हीली की जगह लेंगी। हीली ने बुधवार को कहा, ₹मैं इस सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करूंगी, लेकिन एशेज से पहले बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं है, इसलिए मेरे लिए यह एक मौका है कि मैं एक बल्लेबाज के तौर पर मैदान पर वापसी करूं और कुछ रन बनाने की कोशिश करूं। मुझे लगता है कि मैंने पिछले आठ या नौ महीनों में शायद ही कोई क्रिकेट खेला हो और ऐसा करने का यह अच्छा मौका है। घुटने की स्थिति ठीक है, यह दिन-प्रतिदिन की बात है और हम आगे बढ़ने के साथ ही आकलन करेंगे। हीली की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के लिए हाल ही में भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में जॉर्जिया वोल के पदार्पण का रास्ता खुल गया। वोल, जिन्होंने अपने पहले तीन वनडे मैचों में नाबाद 46, 101 और 26 रन बनाए थे, हीली की वापसी के साथ बाहर होने वाली बदकिस्मत खिलाड़ी बनने वाली हैं।

## आरसीबी ने 'मेड ऑफ बोल्ड' खेल विकास कार्यक्रम शुरू किया

बेंगलुरु। प्रतिभाओं को उजागर करने और विभिन्न क्षेत्रों से एथलेटिक चैंपियनों को विकसित करने के उद्देश्य से, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मेड ऑफ बोल्ड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आरसीबी के उपाध्यक्ष और प्रमुख राजेश मेनन ने कहा मेड ऑफ बोल्ड पहल आरसीबी के स्पोर्ट्स फॉरवर्ड नेशन के व्यापक दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है, जो भारत के लिए एक स्थायी और मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना चाहता है। इस प्रयास का उद्देश्य एथलीटों की पहचान करना और उनका पोषण करना और देश में सक्रिय खेल विकास के लिए प्रमुख उद्योग हितधारकों के बीच बातचीत शुरू करना है।


## सलमान ने की बल्लेबाजी, लखनऊ रिक्रिएशन ने जीता मैच

लखनऊ। बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में लखनऊ रिक्रिएशन क्लब ने लखनऊ ह्वाइट क्रिकेट क्लब को 199 रन से हरा दिया। लखनऊ रिक्रिएशन के सलमान रिजवी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 75 बाल पर 93 रन बनाये। वहीं गेंदबाजी करते हुए एक विकेट भी झटके। लखनऊ रिक्रिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 325 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज जमाल काजिम ने 35 रन का योगदान दिया। वहीं सलमान रिजवी ने 10 चौका और दो छक्का की मदद से 75 बाल पर 93 रन बनाये, जबकि अब्बास ने नौ चौका और चार छक्का की मदद से 64 बाल पर 92 रन का योगदान दिया। वहीं लखनऊ ह्वाइट की पूरी टीम 126 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी। सलामी बल्लेबाज सागर कुमार ने 16 रन का योगदान दिया। वहीं अपनी टीम में सर्वाधिक अभिषेक कुमार ने 34 रन का योगदान दिया।

## आपसी सहमति से अगल हुए पंजाब एफसी और मुशागा बकेंगा

**मोहाली। एजेंसी**

पंजाब एफसी और क्लब के स्ट्राइकर मुशागा बकेंगा ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। नॉर्वेजियन खिलाड़ी को इस सीजन की शुरुआत में 'द शेर' द्वारा साइन किया गया था। उन्होंने इंडियन सुपर लीग और डूरंड कप में क्लब के लिए कुल 14 मैच खेले। बकेंगा ने अपने कार्यकाल के दौरान तीन गोल किए और एक असिस्ट प्रदान की। बकेंगा से अलग होने पर पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर निकोलाओस टोपोलेटिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा आपसी चर्चा के बाद, यह तय किया गया कि बकेंगा हमारे साथ अलग होंगे। मैं उनके योगदान के लिए उनका तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं और उनके भविष्य



के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बकेंगा का पंजाब एफसी के लिए आखिरी मैच इंडियन सुपर लीग में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ एक सब्स्टीट्यूट के रूप में था।

## जूनियर एशिया कप जीत ने हमें मानसिक मजबूती के बारे में बहुत कुछ सिखाया : कनिका

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय हॉकी की उभरती स्टार कनिका सिवाच ओडिशा वारियर्स के साथ पहली महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में खेलने के लिए उत्साहित हैं। हाल ही में संपन्न महिला जूनियर एशिया कप 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद (जहाँ उन्होंने आठ गोल किए और चैंपियन भारत के लिए दूसरी और कुल मिलाकर चौथी स्कोरर रहीं) कनिका इस प्रतिष्ठित लीग में जूनियर रैंक से सीनियर चरण में जाने के लिए उत्सुक हैं।

जूनियर एशिया कप से लेकर एचआईएल तक के अपने सफर को लेकर कनिका ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा मैं इस बदलाव को लेकर रोमांचित हूं। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों



के साथ खेलना और अनुभवी सीनियर्स और कोचों से सीखना कुछ ऐसा है जिसका मैं बेसब्री से इंतजार कर रही थी। यह मेरे लिए एक नई यात्रा है और मैं इसके जरिए आगे बढ़ने के लिए उत्सुक हूं।

जूनियर एशिया कप में आठ गोल करने वाली 19 वर्षीय फारवर्ड का मानना है कि उनकी हालिया सफलता ने एचआईएल के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्होंने कहा जूनियर एशिया कप मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला रहा। हीरो हॉकी इंडिया लीग में इस अगली चुनौती के लिए तैयार होने में मैंने वहां जो अनुभव हासिल किया, वह अमूल्य होगा। ओडिशा वॉरियर्स में शामिल होकर कनिका टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा मैं ओडिशा वॉरियर्स जैसी टीम का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं, जिसमें कुछ बेहतरीन खिलाड़ी और कोच हैं।

## व्यापार



## यूएस फेड के फैसले से बिगड़ा ग्लोबल मार्केट का मूड

**नई दिल्ली। एजेंसी**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने के बाद की गई कमेंट्री से दुनिया के ज्यादा स्टॉक मार्केट में गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए।

वहीं एशियाई बाजारों में चौतरफा दबाव बना हुआ है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान किया। इस बार उम्मीद के मुताबिक ही ब्याज दर में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद अमेरिका में ब्याज दर घट



कर 4.25 प्रतिशत से लेकर 4.50 प्रतिशत के दायरे में आ गई है। ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान करते हुए यूएस फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने साफ कर दिया कि 2025 में केवल दो बार ही ब्याज दरों में कटौती की जाएगी, क्योंकि महंगाई फिर से बड़ी चुनौती बन सकती है। उन्होंने साफ किया कि ब्याज दरों में की गई कटौती के बाद यूएस फेड को महंगाई के आंकड़ों के प्रति सतर्क रहना होगा। यूएस फेड के इस फैसले के बाद 10 सालों की अमेरिकी यील्ड 4.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है।

## सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। सोने की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना भी 77,990 रुपये से लेकर 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,500 रुपये से लेकर 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसलिए दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# शेयर बाजार : निवेशकों को 1 दिन में 2.62 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत भी जबरदस्त कमजोरी के साथ हुई थी। इसकी वजह से सेंसेक्स 80 हजार अंक और निफ्टी 24 हजार अंक से नीचे लुढ़क गए। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए शेयर बाजार की स्थिति सुधरती नजर आई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। इस बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.20 प्रतिशत और निफ्टी 1.02 प्रतिशत की गिरावट



के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, आईटी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह टेक, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर हेल्थ केयर सेक्टर में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 449.98 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 452.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.62 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दाखिल

**मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी**

जयपुर स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक जयपुर स्थित एनबीएफसी कंपनी का प्रस्तावित 5 रुपये के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 1.04 करोड़ शेयरों के नए निर्गम और प्रमोटरों द्वारा 56.38 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण भी शामिल है। इसके अलावा कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को छूट दी जा रही है।




लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड नए इश्यू से प्राप्त इनकम आगे के लोन और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अपनी भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा अपने कैपिटल बेस बढ़ाने के लिए करेगी। जून 2024 तक एनबीएफसी के पास 1,035.53 करोड़ रुपये की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) थी, जिसमें एमएसएमई और वाहन ऋण का योगदान क्रमशः 75.49 फीसदी और 17.46 फीसदी था। वहीं, 30 सितंबर, 2024 तक इसके परिचालन नेटवर्क में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 139 शाखाएं शामिल थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की बैठक आयोजित

- **वार्डो में सफाई पर दिया जाएगा विशेष ध्यान - आयुक्त अरुण हसीजा**




**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)।** नगर निगम हैरिटेज ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी जोन उपायुक्त और अन्य निगम अधिकारी को निर्देश देकर वार्डो में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में गुरुवार को सिविल लाइन जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल लाइन जोन की उपायुक्त हंसा मीणा ने की, जिसमें जोन के सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक और नागपुर वेस्ट जोनल मैनेजर उपस्थित रहे।बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत सिविल लाइन जोन के सिटी प्रोफाइल के अनुसार चिन्हित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की योजना बनाई गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि चयनित आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए।

- **मुख्य निर्देशः**

(1).दोगुनी सफाई व्यवस्थाः चिन्हित क्षेत्रों में दिन में दो बार सफाई सुनिश्चित की जाए।(2) सफाई कर्मचारियों की पहचानः सफाई कर्मचारी अपनी निर्धारित वर्दी में हों।(3)डोर-टू-डोर कचरा संग्रहणः चयनित आवासीय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की गाड़ियां समय पर पहुंचें और हर घर से कचरा एकत्र करें।(4) सकारात्मक प्रतिक्रियाः नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन किया जाए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों और अन्य संबंधित अधिकारियों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी करें और किसी भी समस्या का शीघ्र समाधान करें।उपायुक्त हंसा मीणा ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समर्पण और सहयोग के साथ कार्य करें। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जयपुर को देशभर में उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त हो।

## जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) का 22वां वर्ष


# रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ का कल से होगा भव्य आगाज़

### 1200 से ज्यादा बूथ्स, 1000 टॉप ज्वैलरी रिटेलर्स हो रहे शामिल

### कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ 20 दिसंबर को करेंगे जयपुर ज्वैलरी शो का उद्घाटन

चमकता राजस्थान





**जयपुर 19 दिसंबर।** देश के नंबर वन बी2बी एवं बी2सी शो - रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ 'जयपुर ज्वलैरी शो' (जेजेएस) का 20 दिसंबर, शुक्रवार को सुबह 11 बजे जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में भव्य आगाज होगा। शो का उद्घाटन उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। इस वर्ष जेजेएस की थीम 'रूबीज... रेयर, रॉयल और रेवर्ड' है। पिछले दो वर्षों में एमरल्ड पर फोकस करने के बाद, इस वर्ष शो में रूबी आभूषणों की विविधता, उनकी गुणवत्ता और डिज़ाइनों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस विशेष रत्न को प्रमोट करने के लिए जेजेएस रूबी प्रमोशन ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें 15 सदस्य शामिल हैं और जेमफील्ड्स इसका प्राइन पार्टनर है। यह जानकारी जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने दी।उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष शो में 1200 से अधिक बूथ्स होंगे। जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है और पिछले वर्ष की तुलना में 10% की वृद्धि दर्शाता है। इनमें से 329 बूथ्स जेमस्टोन्स की होंगी, 723 बूथ्स पर ज्वैलरी प्रदर्शित की जाएगी जबकि 13 पर कॉस्ट्यूम एवं सिल्वर आर्टिकल्स प्रदर्शित होंगे। इसके अतिरिक्त, 58 बूथ्स अलाईड मशीनरी के होंगे। वहीं ज्वैलरी सैक्शन में लगभग 66 प्रतिशत डिजाइनर बूथ्स हैं। शो में ज्वैलर्स और जेमस्टोन्स डीलरों, ज्वैलरी संस्थानों, प्रकाशनों को भी अवसर मिलेगा। ज्वैलरी और जेमस्टोन के लिए अलग-अलग सेक्शन होंगे। यह वर्गीकरण ग्राहकों के लिए उनकी पसंद का उत्पाद ढूंढने के लिए आसान बनाएगा।

जेजेएस के मानद सचिव, राजीव जैन ने बताया कि इस वर्ष देशभर के लगभग 1000 टॉप ज्वैलरी रिटेलर्स जेजेएस में शामिल हो रहे हैं। जेजेएस के निमंत्रण पर ये रिटेलर्स प्रत्येक वर्ष शो विजिट करते हैं और शो के दौरान बी2बी बायर्स के रूप में अपने प्रोडक्टस की नियमित आपूर्ति के लिये सम्पर्क बनाते हैं। ताकि बायर्स का भी निरन्तर रूप से ज्वैलरी मैन्यूफैक्चरर्स से सम्पर्क हो सके। उन्होंने आगे बताया कि जेजेएस 2024 की एक और विशेषता नेटवर्किंग डिनर 21 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह शानदार नेटवर्किंग ईवनिंग एग्जीबिटर्स को शीर्ष रीटेलर्स और जेजेएस के खरीदारों के साथ डिनर और लाइव बैंड प्रस्तुति का आनंद लेते हुए बातचीत करने का अवसर और मंच प्रदान करती है। जैन के अनुसार इस बार 8,000 से अधिक ट्रेड विजिटर्स और लगभग 50,000 घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय विजिटर्स जयपुर पहुंच चुके हैं, जो इस शो में भाग लेंगे। इसमें देश के विभिन्न शहरों जैसे मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, बैंगलोर, हैदराबाद और अहमदाबाद के अतिरिक्त जयपुर के एग्जीबिटर्स भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, बैंकॉक और हांगकांग से भी अंतर्राष्ट्रीय एग्जीबिर्स इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। जेजेएस 2022 में पिंक सिटी के नाम पर नया एक्सक्लूसिव बी2बी पवेलियन 'पिंक क्लब' जोड़ा गया था, जो तब से जेजेएस में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा है। इस वर्ष, जेजेएस 2024 में भी पिंक क्लब नए स्थान पर होगा और यह ज्यादा स्पेस के साथ हॉल 2 का हिस्सा होगा। पिंक क्लब में 98 प्री-फैब्रिकेटेड बूथ्स होंगे और केवल बी2बी ग्राहक ही इस पवेलियन में जा सकते हैं। शो ऑवर्स के बारे में जानकारी देते हुए जेजेएस प्रवक्ता, अजय काला ने बताया कि जेजेएस में इस वर्ष वुमन अचीवर्स का सम्मान भी किया जाएगा। जिसके लिए काफी विचार-विमर्श करने के बाद 5 महिलाओं का चयन किया गया। जिन्हें जेजेएस के मंच पर सम्मानित किया जाएगा। शो के बिजनेस आवर्स के बारे में बताते हुए काला ने बताया कि विजिटर्स के लिए सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। आम विजिटर्स के लिए शो का समय दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। आखिरी दिन यानी सोमवार, 23 दिसंबर को शो का समय शाम 6.30 बजे तक रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि शो में आने वाले विजिटर्स की सुविधाओं एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विजिटर्स एवं एग्जीबिटर्स के शो में आवागमन के लिए निशुल्क शटल सुविधा की व्यवस्था की गई है। वहीं, शो के दौरान मेडिकल, एम्बुलेंस एवं दमकल के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के नजरिए से आयोजकों द्वारा व्यक्तिगत कैमरों के साथ-साथ जेजेएस के स्तर पर भी व्यवस्था की गई है। इस वर्ष सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए कॉमन एरिया में लगभग 500 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं। वहीं शो में एंट्री के लिए बार कोडेड एंट्री सिस्टम होगा।इसके अतिरिक्त, शो के दौरान डिजाइनरों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए, जयपुर ज्वैलरी शो इस वर्ष 7वीं बार जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) की मेजबानी कर रहा है, जिसका थीम 'ट्रेडिशन मीट्स इनोवेशन.. रूबी रिडिफाइंड' है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत लवेरा
# पं.स. श्रीनगर, अजमेर

**क्रमांक - ग्रा.पं.ल./2024-25/116** **दिनांक : 16-12-2024**

## ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना ............./2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अजमेर जिला पं.स. श्रीनगर के ग्राम पंचायल लवेरा में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत कचरा संग्रहण हेतु विभिन्न कार्यो एवं गतिविधियों के कुल नं. 1 पैकेज निर्माण कार्य एवं दोप निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई प्राक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 18.12.2024 को दोपहर 2:00 बजे से दिनांक 24.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे तक ई प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No. - JAJ2425A0958
UBN No. - JAJ2425WSOB01012

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लवेरा पं.स. श्रीनगर, अजमेर



SHOW TIMINGS : 20th - 22nd of December (Fri / Sat / Sunday) Business Hours: 10:00AM - 7:00PM
23rd of December (Monday) Business Hours: 10:00AM - 6:30PM (Entry to the Exhibition will close 30 min prior to the closing time)
SHUTTLE SERVICE at 9.00AM from: Veda Panigrah Marriage Garden Bhawani Singh Road, Jaipur (Valet service available)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929